प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक

मोर्निंग सिटी

सच के साथ...

वर्ष - 11, अंक - 37 , 22 नवम्बर से 28 नवम्बर, 2026 मूल्य- 10 रुपये । पृष्ठ 8

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म

मोर्निंग सिटी





कई राज्यों में बारिश के साथ अकवान पड़ा कमजोर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

तूफान अकवान के कमजोर पड़ने के बाद भी देश के कई राज्यों में बारिश हो रही है। मौसम में बदलाव आ गया है। कई राज्यों में अब ठंड और कोहरे का असर बढ़ने लगा है। यूपी के 12 जिलों में बारिश का अलर्ट है। प्रयागराज, गोरखपुर समेत कई शहरों में घना कोहरा छाया। राजस्थान में भी सर्दी बढ़ रही है। माउंट आबू में शनिवार को तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इस कारण ठिठुरन बढ़ गई है। सीकर में पारा 6.5 और जयपुर में 13.3 डिग्री रहा। हालांकि, दिन में गर्मी का असर बना हुआ है। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री दर्ज किया गया। चक्रवात अकवान के असर से बिहार, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में बारिश हो रही है। उधर दिल्ली में शनिवार सुबह हवा की गुणवत्ता यानी एक्यूआई 369 रिकॉर्ड की गई। यह गंभीर कैटेगरी में आती है।ओडिशा में काफी बारिश हुई। बारिश के कारण भुवनेश्वर और कटक जैसे इलाकों में भारी जलभराव देखने को मिला. अधिकारियों के मुताबिक, कुछ जगहों पर भूस्खलन भी हुआ है। राज्य में हो रही लगातार बारिश के मद्देनजर, नदियों के जलस्तर पर भी लगातार नजर रखी जा रही है।

ओडिशा-बंगाल सहित 4 राज्यों में हो रही झमाझम

नई दिल्ली में हवा खराब, एक्यूआई 369 पहुंचा

यूपी में घना कोहरा, माउंट आबू में तापमान जीरो डिग्री



बिगड़े मौसम के कारण रांची हवाई अड्डे पर 20 उड़ानें रद्द

रांची। चक्रवात 'अकवान' के प्रभाव से खराब मौसम के कारण शनिवार को रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर कम से कम 20 उड़ानें रद्द कर दी गईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। चक्रवात के प्रभाव से झारखंड में शुक्रवार से ही बादल छाए हुए हैं और हल्की बारिश हो रही है। विमान के सुरक्षित उतरने और उड़ान भरने के लिए 1,200 से 1,500 मीटर तक की दृश्यता आवश्यक होती है। हवाई अड्डे के निदेशक विनोद कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "रांची हवाई अड्डे पर अपराह्न एक बजे तक दृश्यता करीब 1,000 मीटर थी।

संकट में एआई इंडस्ट्री, अमेरिका-चीन के बीच बादशाहत की जंग तेज

छिड़ा चिप वॉर, ट्रंप ने किया 5 देशों को 'बैन', चीन ने भी बदले लिस्टिंग के नियम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ग्लोबल टेक इंडस्ट्री और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इंफ्रास्ट्रक्चर पर कब्जे को लेकर अमेरिका-चीन के बीच टकराव तेज हो गया है। एक ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जहां देश से बाहर डेटा सेंटर लगाने वाली अमेरिकी कंपनियों पर भारी टैक्स थोपने और 5 देशों को होने वाले एआई चिप एक्सपोर्ट पर सख्ती का ऐलान किया है।

वहीं दूसरी तरफ चीन ने भी पूंजी और डेटा के बाहरी फ्लो को रोकने के लिए अपनी कंपनियों की विदेशी शेयर बाजारों में लिस्टिंग के नियम बेहद सख्त कर दिए हैं। इन फैसलों से अमेजन, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और एनवीडिया जैसी दिग्गज कंपनियों के सामने संकट खड़ा हो गया है।

ट्रंप ने दे दी कड़ी चेतावनी

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में घोषणा की है कि जो अमेरिकी टेक कंपनियां देश से बाहर एआई और कंप्यूटिंग डेटा सेंटर बनाएंगी, उन पर प्रशासन भारी टैक्स लगाएगा। ट्रंप का कहना है कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी है। मकसद यह है कि चीन ग्लोबल कंप्यूटिंग क्षमता पर कब्जा न कर सके। ट्रंप के इस ऐलान से अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी दिग्गज क्लाउड कंपनियों की ग्लोबल योजनाओं को बड़ा झटका लग सकता है। वे स्थानीय डेटा नियमों के कारण विदेशों में डेटा सेंटर बनाती हैं। इसी कड़ी में अमेरिका ने चीन तक अमेरिकी तकनीक की पहुंच रोकने के लिए कई देशों को होने वाले एडवांस एआई चिप एक्सपोर्ट पर लाइसेंस की शर्तें सख्त कर दी हैं। इन देशों में मलेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया, सिंगापुर और वाजील शामिल हैं।

भारत सहित विश्व स्तर पर पड़ेगा इस टकराव का असर

भारत पर सीधा होगा असर

ट्रंप के इस 'डेटा सेंटर टैक्स' का सीधा असर भारत के तेजी से उभरते डेटा सेंटर और क्लाउड सेक्टर पर पड़ सकता है। कारण है कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन जैसी अमेरिकी कंपनियां भारत में अरबों डॉलर के निवेश की योजना बना रही हैं। वैसे दूसरी तरफ अमेरिका की ओर से दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों (मलेशिया, सिंगापुर आदि) पर चिप एक्सपोर्ट की सख्ती और चीन से कंपनियों के मोहभंग के चलते ग्लोबल टेक कंपनियां सप्लाई चेन के विकल्प के तौर पर भारत की ओर रुख कर सकती हैं। बशर्ते भारत को अमेरिकी चिप एक्सपोर्ट नियमों में छूट मिलती रहे।



चीन ने भी कस दिया है शिकंजा

दूसरी ओर चीन ने भी तकनीक और पूंजी को देश से बाहर जाने से रोकने के लिए शिकंजा कस दिया है। चीन के मार्केट रेगुलेटर सीएसआरसी ने साफ निर्देश दिया है कि मार्च 2023 के बाद बनी 'रेड-चिप' कंपनियों को तब तक हांगकांग या न्यूयॉर्क जैसे विदेशी बाजारों में लिस्टिंग की मंजूरी नहीं मिलेगी जब तक वे अपना मुख्यालय वापस चीन शिफ्ट नहीं कर लेतीं। 'रेड चिप' कंपनियां वे हैं जो विदेश में रजिस्टर्ड होती हैं। लेकिन, चीन में कारोबार करती हैं। साथ ही अमेरिकी प्रतिबंधों का मुकाबला करने के लिए चीन अपने घरेलू सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को तेजी से आत्मनिर्भर बनाने में जुटा है। इसका बाजार 2025 में 65 अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है।

अमेरिका में मचा हाहाकार, 560 लाख करोड़ डूबे!

अमेरिकी बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली है। अमेरिका का बाजार एक हफ्ते के दौरान इतनी बुरी तरह टूटा है, जो 6 साल के इतिहास में नहीं हुआ था। यह गिरावट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनियों के कारोबार और निवेश की संभावनाओं को लेकर बढ़ती चिंता के कारण आई है। इस गिरावट के कारण पिछले एक सप्ताह में अमेरिकी शेयर बाजार की कुल मार्केट वैल्यू करीब 6 ट्रिलियन डॉलर घट गई है, जो कि भारतीय करेंसी में 560 लाख करोड़ रुपये के बराबर है। वहीं सिर्फ शुक्रवार को ही इस मार्केट से एक ट्रिलियन डॉलर की वैल्थ स्वाहा हुई है। एस एण्ड पी 500 लगातार सात कारोबारी सत्रों से गिर रहा है, जो 2020 के बाद उसकी सबसे लंबी गिरावट मानी जा रही है।

सीएम योगी ने लिखा- 'अंतिम प्रणाम मां', भावुक होकर किया नमन

लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का शनिवार को हरिद्वार के चंडी घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस भावुक क्षण में, सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपनी मां की चिता की परिक्रमा की, सिर झुकाकर प्रणाम किया और अंतिम यात्रा के दौरान वे अपने आंसू नहीं रोक पाए। उन्होंने घर से मां की अर्थी को कंधा देकर एंबुलेंस तक पहुंचाया और फिर चंडी घाट पर भी अर्थी को कंधा दिया। बार-बार रुमाल से आंसू पोछते हुए, योगी मां



के पार्थिव शरीर के साथ पौड़ी के पैतृक गांव पंचूर से हरिद्वार पहुंचे थे। सीएम के सबसे छोटे भाई महेंद्र मोहन बिष्ट ने मां को मुखाग्नि दी। इस अवसर पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, केशव मौर्य, मंत्री संजय निषाद सहित 50 से अधिक श्वद्ध घाट पर मौजूद रहे। बाबा रामदेव और चिदानंद सहित 13 अखाड़ों के आचार्य और महंतों ने मंत्रोच्चार के साथ अंतिम संस्कार की प्रक्रिया संपन्न कराई। योगी ने मां को कंधा देते हुए एक फोटो '' पर पोस्ट की, जिसमें महाभारत का एक श्लोक लिखा था। इस श्लोक का अर्थ थाः 'मां जैसी कोई छाया नहीं। मां जैसा कोई आश्रय नहीं। कोई प्रेम नहीं। मां जैसी कोई सुरक्षा नहीं और मां जैसा इस दुनिया में कोई जीवनदाता नहीं।'

धीरेंद्र शास्त्री वृंदावन पहुंचे, विवादित बयान पर माफी मांगी

मथुरा। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शनिवार को धर्मनगरी वृंदावन पहुंचे। यहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और साधु-संतों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने साधु-संतों और बृजवासियों के श्रीचरणों में नाक रगड़कर दंडवत प्रणाम किया। अपने पूर्व में दिए गए बयानों को लेकर मांफी मांगते हुए उन्होंने विरोधियों को भी वृंदावन और मथुरा आने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि बड़े प्रेम से वह अपने टेढ़े-मेढ़े ठाकुर जी के धाम में आए हैं। अपने पूर्व के बयानों को लेकर हुए विवाद पर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि कथा के दौरान भाषा में त्रुटि हो सकती है, लेकिन उनके भाव में कोई त्रुटि नहीं हो सकती। उन्होंने विरोध करने वालों पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोगों को उन्हें ट्रोल करने का बहाना चाहिए।

यूथ कांग्रेस ने काटा बवाल, 7 दिन का अल्टीमेटम देकर लौटे

मुंबई, हैदराबाद, गुरुग्राम के मेटा के दफ्तर में तोड़फोड़

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के मालिकाना हक वाली कंपनी मेटा के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदर्शन किया है। यूथ कांग्रेस के लोगों ने शुक्रवार को मुंबई, हैदराबाद और गुरुग्राम में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन पर हैदराबाद स्थित कंपनी के कार्यालय में तोड़फोड़ करने का आरोप लगा है। इसके कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इसमें कांग्रेस के लोग गमले उठाकर फेंकते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा दफ्तर के कैफेटिरिया के पास तक पहुंच गए और जमकर हंगामा काटा. मेटा डाउन डाउन के नारे लगाते हुए कुछ देर ये लोग धरने पर भी बैठ गए। यूथ कांग्रेस ने मेटा पर भेदभाव का आरोप लगाया है और 7 दिन में रवैया सुधार लेने का अल्टिमेटम दिया।



हैदराबाद में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

हैदराबाद में यूथ कांग्रेस के लोग प्रदेश अध्यक्ष जे. शिवचरण रेड्डी के नेतृत्व में कार्यकर्ता मेटा ऑफिस पहुंचे थे। इन लोगों ने मेटा और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इन लोगों का आरोप था कि मेटा का एल्गोरिदम मनमानी करता है और सरकार के इशारों पर काम हो रहा है। इन लोगों ने कहा कि मेटा को भाजपा के दबाव से बचना चाहिए। बताया जा रहा है कि इस दौरान कुछ कार्यकर्ता ऑफिस के अंदर घुस गए और हंगामा मचा दिया।

कांग्रेस ने दिया 7 दिन का अल्टीमेटम

इस प्रदर्शन के बाद यूथ कांग्रेस ने मेटा को 7 दिन का अल्टीमेटम दे दिया है। यूथ कांग्रेस का आरोप है कि 19 नवंबर को मेटा ने उसके दो बड़े नेताओं के इंस्टाग्राम अकाउंट को गलत तरीके से रोक दिया है। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा का दावा है कि ये अकाउंट बीजेपी के इशारे पर रोके गए हैं। जिन्हें 7 दिन में वापस चलाने की मांग की है।

खबर संक्षेप

अहमदाबाद में दिलजीत के चार गानों पर रोक की मांग

अहमदाबाद। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिलजीत दोसांझ के लाइव कॉन्सर्ट से पहले विवाद खड़ा हो गया है।



चंडीगढ़ के प्रोफेसर डॉ. पंडित राव धरन्नेवर ने मांग की है कि दिलजीत अपने कॉन्सर्ट में 4 गाने न गाएं। उनका आरोप है कि इन गानों के बोल शराब, ड्रग्स और गन कल्चर को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर ये गाने गाए गए, तो वो गुजरात हाईकोर्ट में कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट का केस करेंगे। दूसरी तरफ, पुलिस ने स्टेडियम में 90 हजार लोगों की अनुमानित भीड़ को संभालने के लिए 2,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी है।

कपल से मारपीट, आठ नाबालिगों पर एफआईआर



मुंबई। मुंबई के कुर्ला में फीनिक्स मॉल के पास एक म्युनिसिपल गार्डन में एक युवक और उसकी महिला दोस्त के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों वहां फोटो खींच रहे थे, तभी आठ नाबालिगों ने उन पर हमला कर दिया। महिला दोस्त के साथ भी हाथापाई की गई। घटना का वीडियो स्थानीय लोगों ने रिकॉर्ड किया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मुंबई पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की पांच धाराओं के तहत 8 नाबालिग लड़कों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

अब अग्निवीरों का डेटा लीक डार्क वेब पर बेचने की कोशिश

दिल्ली में 14 साल का किशोर पकड़ा गया, भर्ती पोर्टल हैक करने का शक



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में 14 साल के एक किशोर से जांच एजेंसियों ने पूछताछ की। उस पर अग्निवीरों या उनकी भर्ती से जुड़ा डेटा डार्क वेब पर बेचने की कोशिश करने का शक है।

अधिकारियों के मुताबिक, किशोर ने कुछ फाइलें डार्क वेब पर अपलोड की थीं और उन्हें बेचने के लिए खरीदार ढूंढ रहा था। हालांकि, सौदा होने से पहले ही एजेंसियों ने उसे पकड़ लिया। यह पूछताछ करीब दो महीने पहले हुई थी, जिसकी जानकारी अब सामने आई है। जांच एजेंसियों को शक है कि किशोर ने डेटा पाने के लिए अग्निवीर भर्ती पोर्टल हैक किया था। बरामद फाइलों की जांच की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, किशोर का मकसद जल्दी पैसे कमाना था। इसी महीने केंद्रीय कैबिनेट ने अग्निपथ योजना में बदलाव किए हैं। इसके तहत चार साल की सेवा के बाद 25% अग्निवीरों को मेरिट के आधार पर नियमित सेना में शामिल किया जाएगा। बाकी 75% को अपनी इच्छा से दो साल और सेवा करने का मौका मिलेगा। छह साल बाद नियमित सेना में शामिल होने के इच्छुक अग्निवीरों का तय नियमों के आधार पर चयन किया जाएगा।

कश्मीर घाटी में स्थानीय आतंकी नहीं बचे : शाह

ईटानगर। अमित शाह ने शनिवार को कहा कि कश्मीर घाटी में अब कोई एक्टिव स्थानीय आतंकी नहीं बचा है। पुलवामा में कश्मीर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े आखिरी ज्ञात स्थानीय आतंकी को मार गिराया। उनके मुताबिक, घाटी में अब जो आतंकी सक्रिय हैं, वे सभी पाकिस्तानी हैं। उन्होंने यह बात अरुणाचल प्रदेश के बांदेरदेवा में राष्ट्रपति पुलिस कलर समारोह में कही। दरअसल पिछले 5 दिनों में सेना ने लश्कर से जुड़े दो आतंकियों को ढेर किया था।

गृहमंत्री ने अरुणाचल में कहा- अब सिर्फ पाकिस्तानी टैररिस्ट एक्टिव



आज घाटी में एक भी कश्मीरी आतंकी नहीं है

शाह ने 1990 के दशक की उथल-पुथल की तुलना मौजूदा सुरक्षा स्थिति से की। उन्होंने कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीरी युवाओं में अलगाववाद की भावना खत्म हो गई। उन्होंने कहा, 'जब 2019 में अनुच्छेद 370 हटाया गया, तब पूरा विपक्ष एकजुट होकर पूछ रहा था कि अनुच्छेद 370 और आतंकवाद का क्या संबंध है?' शाह ने कहा, आज परशुराम की इस धरती पर खड़े होकर मैं पूरे देश से गर्व के साथ कह सकता हूं कि अनुच्छेद 370 हटने से कश्मीर के युवाओं में अलगाववाद की भावना खत्म हो गई है। उन्होंने आगे कहा, 'इसका नतीजा यह है कि आज कश्मीर घाटी में एक भी कश्मीरी युवा आतंकी नहीं है।

हसीना समर्थकों के 50 घर जलाए पूर्व सांसदों के घरों पर भी हमला

एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में हिंसा की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं। नराइल जिले में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के नेताओं, पूर्व सांसदों और समर्थकों के करीब 50 घरों और दुकानों में आग लगा दी गई। घटना शुक्रवार को कालिया उपजिला के बेंदर चार गांव में हुई।

हमलावरों ने कई घरों में तोड़फोड़ की और वहां रखा फर्नीचर, कीमती सामान और दूसरी चीजें लूट लीं। पूर्व पीएम शेख हसीना देश लौटने की बात कह चुकी हैं। इसके बाद से ही तनाव बढ़ गया है। बीते दिनों हुई हिंसा में पीएम तारिक रहमान की पार्टी बीएनपी के दो नेताओं की हत्या हुई थी।

बांग्लादेश में प्रधानमंत्री के पार्टी लीडर्स की हत्या के बाद हिंसा



हसीना ने कहा था- दिसंबर में अपने देश लौटूंगी

बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना की सरकार गिर गई थी। वे 5 अगस्त 2024 को भारत आ गई थीं। तब से यहीं रह रही हैं। हसीना के बाद मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार की कमान संभाली थी। उन्होंने हसीना की पार्टी अवामी लीग पर लगे बैन लगा दिया था। यूनुस के बाद तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने। उनकी सरकार ने इस बैन को जारी रखा है। हसीना ने जुलाई 2026 में दिसंबर में बांग्लादेश लौटने और वहां की अदालत में कानूनी प्रक्रिया का सामना करने की इच्छा जताई थी। इस महीने उन्होंने दोबारा कहा कि वह हर हाल में दिसंबर में लौटेंगी। इसके बाद से देश में राजनीतिक तनाव बढ़ा है। पूर्व पीएम हसीना ने नए पासपोर्ट और नेशनल आईडी की भी मांग की है। लेकिन सरकार ने यह मांग मानने से इनकार कर दिया।

एफबीआई का मोस्ट वॉन्टेड ड्रग माफिया गिरफ्तार

वाशिंगटन। अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई की मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में शामिल ड्रग माफिया फॉस्टो इसिद्रो मेजा फ्लोरेस को मैक्सिको की सेना ने गिरफ्तार कर लिया है। सीएनएन के मुताबिक, एक बेसबॉल मैच के दौरान शुक्रवार रात उसे पकड़ने के लिए ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान हेलिकॉप्टर से भी फायरिंग की गई। गोलीबारी की आवाज सुनकर दर्शक स्टेडियम से भागने लगे और खिलाड़ियों को भी मैदान छोड़ना पड़ा। ड्रग माफिया इसिद्रो मैक्सिको के गुआसावे शहर में सक्रिय मेजा-फ्लोरेस क्रिमिनल ऑर्गनाइजेशन का प्रमुख है। एफबीआई के मुताबिक, मेजा फ्लोरेस पर अमेरिका में बड़ी मात्रा में हेरोइन, मेथामफेटामाइन, कोकीन, फेंटानिल और गांजा पहुंचाने, रखने और उनकी सप्लाई करने का आरोप है।

आईआईटी खड़गपुर में बोले मोदी- मेरी पहल से ही देश में आज 12 सेमीकंडक्टर के प्लांट

भारत ने दिखाया कि सीमाएं तोड़कर नयी संभावनाओं के द्वार खोले जा सकते हैं

एजेंसी ▸▸ खड़गपुर (पश्चिम बंगाल)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत ने पिछले 12 वर्ष में दिखाया है कि देश सोच की सीमाओं को तोड़कर अपनी क्षमताओं को पहचान सकता है, नए अवसर पैदा कर सकता है और गरीबों को सशक्त बना सकता है। मोदी ने साथ ही कहा कि 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए अगले दो दशक महत्वपूर्ण होंगे। पीएम मोदी शनिवार को आईआईटी खड़गपुर पहुंचे थे। यहां उन्होंने कहा, 'भारत में 50 साल पहले एक कंपनी सेमीकंडक्टर बनाने आई थी, उसे लाल झंडा दिखाकर रोक दिया गया। सवाल उठे कि इसकी क्या जरूरत है, यह देश भी बना रहा है, वो देश भी बना रहा। हम बनाकर क्या हासिल कर लेंगे।' उन्होंने बताया, 'मैंने परवाह नहीं की। जब मैं आया तो खुद अफसरों के साथ बैठकर फाइलें तैयार करवाईं। आज चार सालों में देश में सेमीकंडक्टर के 12 प्लांट फैसिलिटीज हैं। कार्यक्रम में मोदी ने 75 रुपये मूल्य का एक विशेष स्मारक सिक्का भी जारी किया। यह सिक्का 99.9 प्रतिशत शुद्ध चांदी से बना है और इसका वजन 40 ग्राम है।

पीएम मोदी ने कहा- 50 साल पहले सेमीकंडक्टर कंपनी का हुआ था विरोध



75 रुपये मूल्य का एक विशेष स्मारक सिक्का भी किया जारी

देश में आया जबरदस्त बदलाव

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में भारत में भी जबरदस्त बदलाव आया है और देश 'बैलगाड़ियों से बुलेट ट्रेन तक तथा डाक से भेजे जाने वाले पत्रों से सोशल मीडिया संदेशों के दौर तक पहुंच गया है। मोदी ने कहा कि भारत जब 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, तब आईआईटी खड़गपुर का 75 वर्षों का अनुभव देश के विकास और नवोन्मेष के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने संस्थान से इस संकल्प के साथ काम करने का आग्रह किया कि जब वह अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने का समारोह मनाए, तब तक भारत विकसित राष्ट्र बन चुका हो।

मेधावी छात्रों से किया संवाद

प्रधानमंत्री मोदी ने आईआईटी खड़गपुर के कौस्तुभ जयंती समारोह के तहत 'विकसित भारत के लिए 75 आवाजें' पहल के अंतर्गत संस्थान के 75 विद्यार्थियों से संवाद किया। इस संवाद के दौरान विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में देश की यात्रा को लेकर अपने विचार साझा करने का अवसर मिला। उन्होंने देश के पहले भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के कौस्तुभ जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने 'सीमाएं तोड़ने और नयी संभावनाओं के द्वार खोलने' का अपना संकल्प स्पष्ट रूप से व्यक्त कर दिया है।

सम्पादकीय

उत्तराखंड में लगातार सड़क हादसे, पहाड़ों का सफर बनता जा रहा है जानलेवा



उत्तराखंड में यात्रियों से भरी एक बस के खाई में गिर जाने और उसमें कई लोगों की मौत की घटना से एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि पहाड़ी राज्यों में एक से दूसरी जगह जाना एक तरह से जोखिम का सफर बनता जा रहा है। यह दुर्घटना पिछले कुछ समय से लगातार हो रहे सड़क हादसों की सिर्फ एक कड़ी है, जिसमें चालक की मामूली गलती, लापरवाही या फिर सड़क की स्थिति की वजह से नाहक ही लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। गौरतलब है कि मंगलवार को हरिद्वार से जोशीमठ जा रही एक बस बदरीनाथ उच्चमार्ग पर अनियंत्रित होकर सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें नौ लोगों की जान चली गई और पच्चीस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं उत्तराखंड के ही रुद्रप्रयाग में सोमवार की देर शाम बांसवाड़ा-कंडारा मोटर मार्ग पर एक बोलेरो वाहन बेलगाम होकर गहरी खाई में जा गिरा। इस हादसे में चार की मौत हो गई, जबकि छह घायल हो गए। इसके अलावा, राज्य में अलग-अलग हादसों में सत्रह लोगों की जान चली गई, जबकि पैंतीस लोग घायल हो गए। जाहिर है, एक-दो दिनों के भीतर हुए हादसों के इस सिलसिले ने फिर से यह सोचने की जरूरत को रेखांकित किया है कि आखिर पहाड़ी राज्यों में इस तरह के हादसे बार-बार क्यों सामने आते हैं। ताजा हादसों के बाद संभव है कि सरकार की ओर से घटनाओं की जांच कराने, पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की घोषणा की जाए, लेकिन इस तरह की औपचारिकताओं के कुछ ही समय बाद सड़कों पर फिर से पूर्ववत चलने लगता है। ऐसा लगता है कि सरकारी महकमे आगे फिर कोई हादसा होने का इंतजार करने लगते हैं। सवाल है कि अगर पहाड़ी राज्यों में होने वाले हादसों की वजहों की पहचान हो गई है, तो उसे दूर करने की कोशिश को लेकर सरकार किस हद तक ईमानदार और गंभीर है। इन इलाकों में सड़क के एक तरफ ऊंचे पहाड़ हो सकते हैं, तो दूसरी ओर कई हजार फुट गहरी खाई। क्या ऐसे इंतजाम किए जाते हैं कि अगर कोई वाहन सड़क पर चलते हुए अनियंत्रित हो जाए, तो उसके खाई में गिरने से रोकने के लिए सड़क किनारे सुरक्षा दीवार जैसी व्यवस्था हो? विडंबना यह है कि पिछले कुछ समय से इस तरह के हादसे सामने आ रहे हैं, जिन्हें सावधानी रख कर टाला जा सकता था। मगर एक समस्या जहां सड़क पर हादसों के लिहाज से संवेदनशील जगहों पर वाहन चलाते हुए चालक की हड़बड़ी को लेकर सावधान न रहने की है, वहीं सड़कों की बनावट भी कई बार हादसों की तीव्रता को त्रासद बना देती है। खासतौर पर पहाड़ी इलाकों में सड़कों के किनारे खाई की तरफ पैराफिट या सुरक्षा दीवार और क्रैश बैरियर का पुख्ता इंतजाम कई वैसे हादसों की आशंका या उसमें मौतों की संख्या को कम कर सकती है, जिनमें चालक से कोई मानवीय चूक की संभावना रहती है। इसके अलावा, सड़क पर वाहन चलाने व यात्रियों को ले जाने से संबंधित कायदों पर सख्ती का दायरा प्रशासन से लेकर खुद वाहन चालकों तक के लिए अनिवार्य होना चाहिए। सिर्फ अच्छी सड़कें सुरक्षित सफर को सुनिश्चित नहीं कर सकतीं। जरूरी यह है कि हादसों पर काबू पाने और जोखिमरहित सफर के लिए हर नियम लागू करने के साथ सड़कों पर चलने वाले वाहनों को भी बेलगाम होने से रोका जाए।



सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

भारत जापान की नई रणनीतिक धूरी से बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा

ललित गर्ग



19 नवंबर 2026 को टोक्यो में हुई चैथी भारत-जापान 2+2 विदेश एवं रक्षा मंत्रिस्तरीय वार्ता केवल दो देशों के बीच एक कूटनीतिक बैठक नहीं थी, बल्कि बदलती विश्व-व्यवस्था में भारत की बढ़ती भूमिका का सशक्त संकेत थी। भारत की ओर से रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर तथा जापान की ओर से विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी और रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी ने जिस व्यापक रणनीतिक दृष्टि के साथ संवाद किया, उसने भारत-जापान संबंधों को सुरक्षा, तकनीक, समुद्री सहयोग, आर्थिक सुरक्षा और वैश्विक शासन के नए आयामों से जोड़ा है। इस वार्ता का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह है कि भारत अब केवल वैश्विक शक्ति-संतुलन का दर्शक नहीं, बल्कि उसे आकार देने वाली शक्ति बन रहा है। जापान के साथ बढ़ता सहयोग इसी परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। दोनों देशों ने स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत की प्रतिबद्धता दोहराई तथा समुद्री और वायु क्षेत्र की निगरानी, सूचना-साझेदारी, खोज एवं बचाव, साइबर सुरक्षा, एआई तथा रक्षा उद्योग में सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। भारत में जापानी आत्मरक्षा बलों द्वारा फायरिंग रेंज के उपयोग की दिशा में समझौता और डिजाइन विद जापान, मेक इन इंडिया के तहत रक्षा औद्योगिक सहयोग को आगे बढ़ाने की सहमति इस साझेदारी को घोषणाओं से निकालकर व्यावहारिक धरातल पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

यहां रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत की रक्षा नीति अब केवल हथियार खरीदने तक सीमित नहीं है, उसका लक्ष्य देश को रक्षा उत्पादन, तकनीक, अनुसंधान और निर्यात की दृष्टि से सक्षम बनाना है। हाल ही में रक्षा मंत्री ने बताया कि भारत का रक्षा उत्पादन 1.80 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच चुका है और रक्षा निर्यात 38,000 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंचा है। जापान के साथ रक्षा-तकनीक और औद्योगिक सहयोग इस आत्मनिर्भरता को अंतरराष्ट्रीय तकनीकी साझेदारी से जोड़ सकता है। दूसरी ओर डॉ. एस. जयशंकर भारत की उस विदेश नीति के प्रमुख सूत्रधारों में हैं जिसने भारत को किसी एक खेमे की शक्ति के बजाय अपने हितों और सिद्धांतों के आधार पर विश्व के विभिन्न शक्ति-केंद्रों के साथ संवाद करने वाली प्रभावशाली शक्ति बनाया है। जापान के साथ रणनीतिक विश्वास, क्वाड जैसे मंचों पर सहयोग, हिंद-प्रशांत की स्थिरता और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार के लिए पारस्परिक समर्थन इसी व्यापक कूटनीतिक दृष्टि के हिस्से हैं। दोनों देशों ने एक-दूसरे की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन भी दोहराया है। लेकिन इस पूरी तस्वीर को समझने के लिए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यापक विदेश नीति और विकसित भारत के संकल्प से जोड़कर देखना आवश्यक है। प्रधानमंत्री की विदेश नीति में सुरक्षा और अर्थव्यवस्था अलग-अलग विषय नहीं हैं। आज भारत जिस देश से रक्षा तकनीक लेता है, उसके साथ व्यापार बढ़ाता है। जहां निवेश आकर्षित करता है, वहां भारतीय उद्योग के लिए बाजार भी खोजता है और जहां रणनीतिक सहयोग करता है, वहां भारतीय प्रतिभा, तकनीक और संस्कृति की प्रतिष्ठा भी स्थापित करता है। यही विदेश नीति को आर्थिक शक्ति और राष्ट्रीय प्रतिष्ठा से जोड़ने की नई भारतीय शैली है।

19 नवंबर को ही नई दिल्ली में फिक्की के शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने उद्योग जगत के सामने इसी दृष्टि को अत्यंत स्पष्टता से रखा। फिक्की का सम्मेलन भारत 2047 की थीम पर हुआ और इसमें उद्योग जगत, राजनयिकों, नीति-निमार्ताओं और वैश्विक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री ने उद्योग से कहा कि अगले 20 वर्षों के प्रत्येक दीर्घकालिक निवेश निर्णय का आधार इंडिया फर्स्ट होना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत का विशाल घरेलू बाजार उद्योग का ह्यकम्फर्ट जोनह्न नहीं बनना चाहिए, बल्कि वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा का आत्मविश्वास पैदा करने वाला आधार बनना चाहिए। यहीं टोक्यो की 2+2 बैठक और फिक्की के मंच का अद्भुत संबंध दिखाई देता है। एक ओर राजनाथ सिंह और जयशंकर भारत की सुरक्षा और कूटनीतिक शक्ति को विश्व में विस्तार दे रहे हैं, दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी भारतीय उद्योग को विश्व बाजार में उतरने का आह्वान कर रहे हैं। अर्थात भारत की विदेश नीति का अगला चरण केवल भारत के लिए दुनिया नहीं, बल्कि दुनिया के लिए भारत बनाने का चरण है।

प्रधानमंत्री का संदेश केवल उद्योगपतियों के लिए नहीं है। विकसित भारत का निर्माण सरकार अकेले नहीं कर सकती। सरकार दिशा और वातावरण तैयार कर सकती है, लेकिन आर्थिक शक्ति उद्योग पैदा करता है, नवाचार युवा पैदा करते हैं, उत्कृष्टता वैज्ञानिक और पेशेवर पैदा करते हैं तथा भारत की प्रतिष्ठा सामान्य नागरिक के व्यवहार से भी बनती है। इसलिए आज आवश्यकता है कि भारतीय उद्योगपति केवल भारत में सफल होने की मानसिकता से आगे बढ़कर विश्व बाजारों में भारतीय ब्रांड की पहचान स्थापित करें। प्रधानमंत्री ने फिक्की में वैश्विक ग्राहकों की जरूरतों को समझने, स्थानीय बाजारों के अनुरूप उत्पाद बनाने, वैश्विक मानकों को अपनाने और मजबूत वितरण नेटवर्क विकसित करने पर विशेष जोर दिया। यह संदेश भारतीय उद्योग के लिए आर्थिक नीति से अधिक राष्ट्रीय दायित्व का संदेश है। इसी प्रकार प्रत्येक नागरिक का योगदान भी महत्वपूर्ण है। एक भारतीय जब ईमानदारी से अपना कार्य करता है, कानून का सम्मान करता है, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करता है, स्वच्छता और अनुशासन अपनाता है, भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने में योगदान देता है और दुनिया के सामने भारत की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करता है, तब वह अनजाने में भारत की सॉफ्ट पावर को मजबूत करता है।

विश्वगुरु बनने का अर्थ केवल उपदेश देना नहीं, बल्कि दुनिया को अपने आचरण, ज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और मानवीय मूल्यों से प्रभावित करना है। भारत-जापान संबंध इस यात्रा का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। जापान तकनीक, पूंजी, गुणवत्ता, अनुशासन और विनिर्माण संस्कृति का प्रतीक है, भारत विशाल बाजार, युवा मानव संसाधन, डिजिटल क्षमता, प्रतिभा और नवाचार की शक्ति रखता है। दोनों की क्षमताएं एक-दूसरे की पूरक हैं। रक्षा उद्योग से लेकर सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिज, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल कनेक्टिविटी, साइबर सुरक्षा और एआई तक सहयोग के नए क्षेत्र दोनों देशों को आर्थिक और रणनीतिक रूप से अधिक मजबूत कर सकते हैं। वर्ष 2027 इस साझेदारी के लिए विशेष महत्व रखता है। भारत-जापान राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होंगे और दोनों देशों ने इसे इंडिया-जापान ईयर ऑफ शेयर्ड हार्जिन्स के रूप में मनाने का निर्णय किया है। यह केवल स्मृतियों का उत्सव नहीं होना चाहिए, बल्कि साझा भविष्य की नई पटकथा लिखने का अवसर होना चाहिए।

भारत के सामने आज एक ऐतिहासिक अवसर है। प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत 2047 केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संकल्प है। स्वयं प्रधानमंत्री ने फिक्की में कहा कि विकसित भारत कोई नारा नहीं, बल्कि सभी भारतीयों द्वारा जीया जाने वाला संकल्प है। यही इस समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है- सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाए, उद्योग वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो, युवा नवाचार का नेतृत्व करें, किसान उत्पादकता बढ़ाएं, वैज्ञानिक नई तकनीक विकसित करें और प्रत्येक नागरिक अपने कार्यक्षेत्र में श्रेष्ठता तथा ईमानदारी का उदाहरण बने। टोक्यो की 2+2 बैठक हमें भारत की रणनीतिक शक्ति का संदेश देती है और फिक्की का मंच भारत की आर्थिक शक्ति का। इन दोनों को यदि भारतीय प्रतिभा, उद्योग, संस्कृति और नागरिक कर्तव्य से जोड़ दिया जाए तो भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा नई ऊंचाइयों पर पहुंच सकती है।

आज भारत को विश्वगुरु बनाने की चर्चा केवल अतीत के गौरव की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। विश्वगुरु भारत वह होगा जो सुरक्षित भी हो, समृद्ध भी। आत्मनिर्भर भी हो, विश्व से जुड़ा भी। तकनीकी रूप से अग्रणी भी हो और मानवीय मूल्यों में भी श्रेष्ठ हो। जापान के साथ बढ़ती साझेदारी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। अब प्रश्न यह नहीं है कि दुनिया भारत को कितना महत्व देती है, प्रश्न यह है कि भारत स्वयं को कितना सक्षम, विश्वसनीय और उत्कृष्ट बनाता है। यही प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति का मूल संदेश है-भारत की प्रतिष्ठा केवल विदेश मंत्रालय या सरकार नहीं बनाएगी, भारत के 140 करोड़ नागरिक मिलकर बनाएंगे। उद्योगपति अपने निवेश से, वैज्ञानिक अपने अनुसंधान से, युवा अपनी प्रतिभा से, किसान अपनी उत्पादकता से और सामान्य नागरिक अपने आचरण से भारत को सशक्त करेगा। तभी विकसित भारत आर्थिक लक्ष्य से आगे बढ़कर राष्ट्रीय चरित्र बनेगा और भारत की विश्वगुरु बनने की आकांक्षा वास्तविकता में बदल सकेगी।

बिहार में एनडीए सरकार का एक साल

संजीव कुमार मिश्र



बिहार में विकास की चर्चा अब तक मुख्य रूप से सामाजिक परिवर्तन, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने के संदर्भ में होती रही है। पिछले दो दशकों में राज्य ने सड़क निर्माण, शिक्षा, कानून-व्यवस्था और महिला सशक्तीकरण जैसे क्षेत्रों में कई बदलाव देखे हैं। पंचायतों से लेकर सरकारी सेवाओं तक महिलाओं को आरक्षण देने के फैसलों ने उनकी सामाजिक और सार्वजनिक भूमिका को मजबूत किया। इन प्रयासों से राज्य में विकास के लिए जरूरी आधार तैयार हुआ। लेकिन अब बिहार के सामने एक नई चुनौती है। इस आधार को मजबूत आर्थिक व्यवस्था में बदलना, ताकि उद्योग स्थापित हों, निजी निवेश आकर्षित हो और प्रदेश के युवाओं को अपने घर के आसपास ही रोजगार मिल सके।


इसी पृष्ठभूमि में नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव के बाद गठित एनडीए सरकार के पहले वर्ष को देखा जाना चाहिए। अप्रैल 2026 में सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। उनके नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकताओं में औद्योगिक विकास, निवेश आकर्षित करना, तकनीकी क्षेत्र में संभावनाएं तलाशना और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप आर्थिक योजना तैयार करना शामिल है। बिहार के लिए यह बदलाव इसलिए अहम है, क्योंकि अब तक राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि और पारंपरिक व्यवसायों की बड़ी भूमिका रही है। उद्योग और निजी क्षेत्र का विस्तार इस आर्थिक ढांचे को अधिक विविध और मजबूत बना सकता है। राज्य सरकार ने पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए निवेश प्रोत्साहन पैकेज का विस्तार करने, औद्योगिक परियोजनाओं से जुड़ी मंजूरियों की प्रक्रिया सरल बनाने और 30 दिनों के भीतर स्वीकृति देने की व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में जरूरी आधारभूत सुविधाओं के विकास को भी प्राथमिकता दी गई है। गया में अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे के अंतर्गत इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की शुरूआत को इसी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। इस परियोजना के लिए लगभग 300 एकड़ जमीन के संदर्भ में 12 निवेश समझौतों के माध्यम से करीब 4,200 करोड़ रुपये के संभावित निवेश का प्रस्ताव सामने आया है। इसके अलावा रक्षा उत्पादन, सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर, सीमेंट और पेय पदार्थ निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी औद्योगिक गतिविधियां विकसित करने की संभावनाएं तलाश की जा रही हैं। बिहार की भौगोलिक स्थिति, बड़ी आबादी और श्रमशक्ति उद्योगों के विस्तार के लिए उपयोगी साबित हो सकती है। राज्य में उपभोक्ताओं का बड़ा बाजार भी मौजूद है। यदि सड़क, रेल और माल परिवहन की सुविधाओं को औद्योगिक क्षेत्रों से प्रभावी तरीके से जोड़ा जाता है, तो निवेशकों के लिए बिहार एक बेहतर विकल्प बन सकता है। हालांकि, निवेश की घोषणाओं को वास्तविक औद्योगिक इकाइयों में बदलना सबसे बड़ी कसौटी होगी। इसके लिए पर्याप्त जमीन, निर्बाध बिजली आपूर्ति, परिवहन व्यवस्था, प्रशिक्षित कर्मचारियों और समय पर प्रशासनिक मंजूरियों की जरूरत पड़ेगी। निवेशकों के साथ किए गए समझौतों को धरातल पर उतारना ही सरकार की औद्योगिक नीति की वास्तविक सफलता तय करेगा।

सरकार की आर्थिक रणनीति का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष विकसित बिहार 2037 का लक्ष्य है। राज्य गठन के 125 वर्ष पूरे होने की पृष्ठभूमि में बिहार को विकास के अगले स्तर तक पहुंचाने के लिए दीर्घकालिक योजना तैयार करने की कोशिश की जा रही है। इसी उद्देश्य से नीति आयोग की तर्ज पर एक अलग विकास आयोग गठित करने की पहल की गई है। इस प्रस्तावित व्यवस्था के माध्यम से अलग-अलग विभागों की योजनाओं को एक साझा विकास लक्ष्य से जोड़ने और उनके कामकाज की नियमित समीक्षा करने का प्रयास होगा। अक्सर सरकारी योजनाओं में विभागीय तालमेल की कमी और क्रियान्वयन में देरी के कारण अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाते। ऐसे में विकास आयोग योजनाओं की प्राथमिकताएं तय करने और उनके प्रभाव का आकलन करने में उपयोगी भूमिका निभा सकता है। दीर्घकालिक विजन को पांच वर्षों के सात निश्चय-3 कार्यक्रम से भी जोड़ा गया है। इस कार्यक्रम में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी करने, औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने, किसानों की आमदनी में सुधार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और शहरों के नियोजित विकास जैसे लक्ष्य रखे गए हैं। इन उद्देश्यों को एक-दूसरे से अलग कर-के नहीं देखा जा सकता। औद्योगिक विकास के लिए बेहतर शिक्षा और कौशल जरूरी हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों और बाजार तक पहुंच की व्यवस्था चाहिए। वहीं, बढ़ती आबादी और आर्थिक गतिविधियों के दबाव को देखते हुए शहरी सुविधाओं का विस्तार भी आवश्यक होगा। इसलिए विकसित बिहार का लक्ष्य तभी सार्थक होगा, जब विकास की प्रक्रिया राज्य के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों तक पहुंचे।

आर्थिक विकास की बदलती परिस्थितियों में तकनीकी नवाचार की भूमिका लगातार बढ़ रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल सेवाओं और स्टार्टअप आधारित कारोबार ने रोजगार तथा उद्यमिता के नए रास्ते खोले हैं। बिहार सरकार भी इन क्षेत्रों में अपनी संभावनाएं विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। बिहार एआई नीति 2026, आर्यभट्ट दृष्टि परियोजना और तकनीकी कौशल विकास से जुड़ी पहलें इसी प्रयास का हिस्सा हैं। नवंबर में मंत्रिपरिषद ने आर्यभट्ट दृष्टि परियोजना के लिए 190.32 करोड़ रुपये की संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाली छात्राओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बिहार की बेटी स्टार्टअप चैलेंज योजना को भी मंजूरी दी गई। इन पहलों से राज्य में तकनीक आधारित व्यवसायों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की संभावना है। विशेष रूप से उन युवाओं को लाभ मिल सकता है, जो पारंपरिक नौकरियों के बजाय अपना उद्यम शुरू करना चाहते हैं। लेकिन इसके लिए केवल नीतियां और वित्तीय स्वीकृतियां पर्याप्त नहीं होंगी। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में तकनीकी शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण, मेंटरशिप और उद्योगों के साथ साझेदारी को भी मजबूत करना होगा।

लघुकथा

बुद्धिमान




उमाकांत भारती

एक गांव में एक गरीब ब्राह्मण परिवार रहता था। पंडितजी, पंडिताइन और उनकी इकलौती संतान बारह साल की पुत्री के अलावा उनके परिवार में और कोई नहीं था। जब तक पंडितजी जिंदा रहे, उन्होंने कथा-पुराण बांचकर अपनी गृहस्थी की गाड़ी घसीटी। उनकी मृत्यु के बाद उनकी अधेड़ उम्र की पत्नी ने शोक और अभाववश खाट पकड़ ली और वह भी एक दिन नहीं रही। उनकी पुत्री पर वज्राघात-सा हुआ। रोते-रोते उसकी आंखें सूज गईं। पास पड़ोस की औरतों में से कोई कहती- पंडिताइन जिंदा है और कोई कहती मर गई है! ब्राह्मण कन्या बड़ी उलझन में पड़ी। उसने पड़ोस के एक बुद्धिमान व्यक्ति के घर जाकरे रोते-बिलखते हुए कहा- चाचाजी, चलकर आप देखिए न! बुद्धिमान व्यक्ति ने कहा, बेटी तुम्हारी मां ताजिंदगी मुझसे पर्दा करती रहीं। मैंने उनका मुंह कभी नहीं देखा। अब यह पाप भला कैसे कर सकता हूँ! उन्होंने धुनी हुई थोड़ी-सी रुई ब्राह्मण कन्या के हाथ में देकर कहा- अपनी मां के नाक के छिद्र के पास इसे रखना, यदि रुई हिले तो समझना कि सांसें चल रही हैं। उदास लड़की के जाने के बाद पत्नी ने आड़े हाथों लिया- बड़े पाखंडी हैं आप! मरे का मुंह देखने में कैसा अधर्म? बुद्धिमान व्यक्ति ने अपने मन की बात बताई- पाप नहीं लगेगा, लेकिन वहां जाने पर पंडिताइन के लिए कफन वगैरह का इंतजाम मुझे ही करना पड़ता!

कहानी

गुरु का उचित न्याय

संतोष उत्सुक



एक दिन की घटना है उस समय गणित का पीरियड चल रहा था, गुरूजी द्वारा कई बार समझाने और बार बार खुद कोशिश करने के बावजूद भी एक विद्यार्थी सवाल हल नहीं कर पा रहा था। इत्तफाक से उस दिन अध्यापक का मूड भी कुछ ठीक नहीं था, शायद इसलिए उन्हें उस विद्यार्थी पर गुस्सा आ गया। यह उस समय की बात है जब पढाई में कमजोर विद्यार्थियों को उनके शिक्षक घर बुलाकर या विद्यालय में ही समय निकाल कर अलग से पढ़ाया करते थे। उन विद्यार्थियों से कोई ट्यूशन फीस भी नहीं ली जाती थी। उन दिनों स्कूल में बच्चों की पिटाई भी होती थी मगर माता पिता को कोई खबर नहीं दी जाती थी। किसी तरह बात अगर घर तक पहुंच भी जाती तो कितनी ही बार अभिभावक खुद स्कूल जाकर अध्यापक का धन्यवाद करते थे। गलती करने पर विद्यार्थियों को घर पर अलग से डांट पड़ती थी। एक दिन की घटना है उस समय गणित का पीरियड चल रहा था, गुरूजी द्वारा कई बार समझाने और बार बार खुद कोशिश करने के बावजूद भी एक विद्यार्थी सवाल हल नहीं कर पा रहा था। इत्तफाक से उस दिन अध्यापक का मूड भी कुछ ठीक नहीं था, शायद इसलिए उन्हें उस विद्यार्थी पर गुस्सा आ गया। उनकी कक्षा खत्म होने के बाद आधी छुट्टी होनी थी जिसमें सभी ने मिल बैठकर खाना खाना था। गुरूजी ने यह फैसला लेते हुए कि उस विद्यार्थी की पिटाई करनी है क्लास मानीटर से कहा, मानीटर जाओ एक डंडा लेकर आओ, आज मैं इसकी खबर लेता हूं। मानीटर डंडा लेने कक्षा से बाहर गया और जल्दी से लकड़ी का छोटा सा कमजोर, पतला टुकड़ा ले आया और बोला, लीजिए गुरूजी। शिक्षक को लकड़ी का टुकड़ा देखते ही गुस्सा आ गया, इससे कहीं सजा मिलती है, देखो मैं तुमको ही लगाता हूं यह कहते हुए उन्होंने वह डंडा मानीटर को ही लगा दिया और बोले, जाओ जाकर दूसरा डंडा लेकर आओ'। मानीटर फिर भागा डंडा लेने के लिए, उसे थोड़ा समय लग गया और इस बार पुराने स्टूल की टूटी हुई टांग ले आया। उसे लगा इस बार बढ़िया डंडा लाने के लिए गुरूजी उसे शाबाशी देंगे लेकिन जैसे ही मोटी लकड़ी को अध्यापक ने हाथ में पकड़ा उनका गुस्सा बढ़ गया और मानीटर की टांग पर लगभग जोर से मारने का अभिनय करते हुए बोले, मानीटर, क्या तुम इसके दुश्मन हो जो इतना मोटा डंडा लाए हो। अब मानीटर घबरा गया उसे लगा अब पिटने की उसकी बारी है। गुरूजी ने वह लकड़ी मेज पर रख दी और कुछ क्षणों के लिए मौन रहने के बाद बोले, बच्चो, आपने देखा जब मानीटर पतला डंडा लाया तब भी उसे डांट पड़ी और जब ज्यादा मोटा लाया तब भी, मेरा आशय किसी विद्यार्थी को पीटना नहीं था बल्कि समझाना कि गलती करने वाले को उचित सजा मिले, न कम न ज्यादा। उन्होंने उस विद्यार्थी से कहा कि वह घर जाकर अभ्यास करे और यदि उसे फिर भी समझ न आए तो रोजाना पढने के लिए, छुट्टी के बाद उनके घर आ जाया करे। अध्यापक ने पूरी क्लास को संबोधित करते हुए कहा कि जिस बच्चे को भी गणित विषय में कुछ समझ न आ रहा हो वह भी आ सकता है। खाना खाने की छुट्टी की घंटी बज चुकी थी, वह बच्चा जिससे सवाल हल नहीं हो रहा था वह पिटाई से बच गया लेकिन उसे और पूरी कक्षा को शिक्षा मिली। खाना खाते समय सब यही बात कर रहे थे कि यदि गुरूजी चाहते तो सजा दे सकते थे लेकिन उन्होंने बिना ऐसा किए मानीटर समेत सभी विद्यार्थियों को अच्छे से समझा दिया।

गड्ढों का नामकरण सामाजिक योजना

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)



दुनिया फिर बदल रही है और लड़ने मरने पर उतारू है। ऐसी स्थिति में कभी कभार किसी अन्य देश या व्यक्ति से कुछ सीखने में हर्ज नहीं है। पिछले दिनों खबर आई थी कि चंद्रमा से पृथ्वी पर लौट रहे अमुक मिशन के अन्तरिक्ष यात्रियों ने चांद की सतह के दो गड्ढों के नाम अपने प्रियजनों के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा है।

ऐसा माना जाता है कि सब एक दूसरे से सीखते हैं। बच्चे अपने अभिभावकों ,अध्यापकों और वरिष्ठों से सीखते हैं। यह भी माना जाता है कि उम्र में छोटों से भी सीखा जा सकता है। विशाल देश, कम जनसंख्या वाले देश से भी प्रेरित हो सकते हैं। हमने भी इतनी बड़ी दुनिया से कुछ न कुछ सीखा है। कोई इस बात को माने या माने लेकिन दुनिया ने हमसे भी बहुत कुछ सीखा है। यह भी सब जानते हैं लेकिन कुछ लोग नहीं मानते कि संसार में हमने ही सब कुछ सबसे पहले बताया और बनाया।

दुनिया फिर बदल रही है और लड़ने मरने पर उतारू है। ऐसी स्थिति में कभी कभार किसी अन्य देश या व्यक्ति से कुछ सीखने में हर्ज नहीं है। पिछले दिनों खबर आई थी कि चंद्रमा से पृथ्वी पर लौट रहे अमुक मिशन के अन्तरिक्ष यात्रियों ने चांद की सतह के दो गड्ढों के नाम अपने प्रियजनों के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा है। यह एक नितांत नवोन्मेषी विचार है जो हमारे उपजाऊ दिमागों में कभी नहीं आया यह बात दीगर है कि हम चंदा को मामाजी मानते हैं।

उनके यहां और हमारे यहां भी असंख्य गड्ढे हैं। पुराने, नए, गहरे, लम्बे, चौड़े, सड़क के हर हिस्से में हैं। गड्ढों के मोहल्लों में अनेक लोगों की हड्डियां टूटती हैं। बहस होती है, खबरें छपती हैं, रंगीन फोटोज भी छपती हैं। नगर पालिका को ऐसी हरकतें पसंद नहीं आती इसलिए गड्ढों को ईंट, रोड़े और मिटटी से भर दिया जाता है।

उन अन्तरिक्ष यात्रियों से प्रेरणा लेकर अपने गड्ढों की नामकरण योजना शुरू की जा सकती है। जिसे भावनात्मक कोण दिया जा सकता है। कुछ समय बाद राजनीतिक दृष्टिकोण भी दे सकते हैं। थोड़ी कोशिश की जाए तो गड्ढों को धार्मिक रंग में भी डुबो सकते हैं। इच्छुक नागरिक पसंदीदाह गड्ढे को अपना बनाकर प्रिय नाम दे सकते हैं। इस तरह नागरिकों की भावनाएं ज्यादा फलफूल कर संतुष्ट हो सकती हैं। वैसे तो गड्ढे स्पीड ब्रेकर की तरह काम करते हैं लेकिन समाज सेवी संस्थाएं, आधा दर्जन गड्ढे भरवाकर, सड़क किनारे अपनी संस्था का आकर्षक विज्ञापन पट्ट लगा सकते हैं। सफल वैवाहिक जीवन बिताने वाले हर साल एक बड़ा गड्ढा भरवाकर जश्न मना सकते हैं। खड्डे जैसे दिखने वाले गड्ढों में, वास्तव में नालायक लेकिन खुद को लायक मानने वाले नेता से वृक्षारोपण समारोह का उद्घाटन करवाकर क्षेत्र में हरियाली बढ़ाई जा सकती है। रील बनाने वालों को नया विषय मिल सकता है। गड्ढे के नामकरण से प्रेरित खबर लिखने वाले बेहतर लिखने की प्रेरणा ले सकते हैं। संभव है वह दिन आए जब अमुक खास गड्ढे का नामकरण, अपनी पसंद का करवाने वालों में होड़ मच जाए।

विचार, इनकार, इकरार और तकरार हो। कुछ गड्ढों की किस्मत अच्छी होती है जिनका जिक्र मुख्यमंत्री तक पहुंचता है और उनकी गोद भराई की रस्म शुरू हो जाती है। समझदार स्थानीय प्रशासन संदर्भित सामाजिक सेवाओं के बदले, गड्ढे के स्थान, आकार और प्रकार के आधार पर मनमाने पैसे वसूल कर सकती है। इससे गरीब नगरपालिकाओं को नियमित आमदनी हो सकती है जिनसे वह दूसरे काम भी करवा सकती है। अब आप ही बताइए, गड्ढों का नामकरण सामाजिक योजना बढ़िया रहेगी न।

मैनपुरी में आयोजित हुआ स्वदेशी जागरण मंच का युवा सम्मेलन

स्वदेशी उत्पादों के उपयोग से ही बनेगा आत्मनिर्भर एवं समृद्ध भारत : कश्मीरी लाल जी

मोर्निंग सिटी संवाददाता











मैनपुरी। जनपद मैनपुरी के स्वामी भजनानंद सरस्वती शिशु मंदिर, वंशी गोहरपुरा में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा युवा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक माननीय कश्मीरी लाल जी तथा विशिष्ट अतिथि मंच के क्षेत्रीय संयोजक डॉ. अमितेश अमित जी, जिला संघचालक ओमेंद्र भाई साहब एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संगीता जी रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं राष्ट्रऋषि, प्रेरणापुरुष, परम श्रद्धेय स्वर्गीय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के चित्रों पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर किया गया। सर्वप्रथम स्वदेशी जागरण मंच के पूर्णकालिक कार्यकर्ता शिवम जी ने स्वदेशी गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री जयप्रकाश जी ने किया। मुख्य अतिथि माननीय कश्मीरी लाल जी ने अपने उद्बोधन में दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुओं के माध्यम से स्वदेशी के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि जब हम स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करते हैं तो हमारा धन देश में ही रहता है, जिससे देश के उद्योगों, व्यापारियों, उद्यमियों और रोजगार को प्रोत्साहन मिलता है। इसके विपरीत विदेशी उत्पादों पर निर्भरता से देश का धन विदेशों में जाता है।

उन्होंने कहा कि भारत को समृद्ध एवं विश्वगुरु बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ शरीर, उच्च विचार, कुशल कौशल और परिवार के सहयोग के साथ जीवन के आदर्श मूल्यों को अपनाना होगा। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद कहानियों के माध्यम से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, स्वरोजगार और व्यवसाय के महत्व की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जब भारत में निर्मित स्वदेशी उपग्रह चंद्रमा की परिक्रमा करता है तो यह केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के गौरव और आत्मविश्वास का प्रतीक बनता है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ कौशल विकास और उद्यमिता की भावना भी विकसित करनी चाहिए। पढ़ाई के साथ व्यापार एवं रोजगार सृजन की दिशा में आगे बढ़ने से ही समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण होगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि हमारी रसोई केवल भोजनालय ही नहीं, बल्कि औषधालय भी होनी चाहिए। पौष्टिक एवं संतुलित स्वदेशी भोजन अपनाकर हम अपने शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ रख सकते हैं। युवा सम्मेलन के उपरांत माननीय कश्मीरी लाल जी ने संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ बैठक की। इसके बाद स्थानीय व्यापारियों एवं उद्यमियों घनश्याम दास गुप्ता जिला अध्यक्ष, संपूर्ण उत्तर प्रदेश व्यापार उद्योग मंडल राहुल जैन, चंदन जैन, संतोष दुबे के साथ संवाद बैठक आयोजित हुई, जिसमें व्यापार में विश्वास, आपसी सहयोग, संगठन और सकारात्मक संवाद के माध्यम से स्थानीय व्यापार एवं उद्यमों को आगे बढ़ाने के विषय पर विचार-विमर्श किया गया।

क्षेत्रीय संयोजक डॉ. अमितेश अमित जी ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सभी कार्यकताओं से पूर्ण ऊर्जा, समर्पण एवं मनोयोग के साथ स्वदेशी और स्वावलंबन के विचार को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सहसंयोजक श्री सुशील चौहान जी, प्रांत सह-समन्वयक श्री अभिनव कश्यप जी, जिला संयोजक श्री अभय प्रताप सिंह, जिला सहसंयोजक श्री संजय सक्सेना, श्री शैलेंद्र सिंह, विभाग महिला प्रमुख श्रीमती अंजू चौहान, श्री परमिंदर राठौर, श्रीमती सीमा कश्यप, श्री विकास, श्री मनीष सहित स्वदेशी एवं स्वावलंबन के विचारों से जुड़े अनेक राष्ट्रभक्त कार्यकर्ता, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं सम्मानित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मूल संदेश यही रहा कि स्वदेशी अपनाना केवल वस्तुओं का चयन नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन, रोजगार सृजन, आर्थिक स्वावलंबन और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

रोजगार मेले में 1534 युवाओं को मिला रोजगार



मोर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत शनिवार को जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 30 कंपनियों ने प्रतिभाग कर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। मेले में जिले के 2754 बेरोजगार युवाओं ने पंजीकरण कर प्रतिभाग किया। इनमें से 1534 अभ्यर्थियों को अंतिम चयन के लिए शार्टलिस्ट किया गया।रोजगार मेले का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक गुप्ता और मुख्य विकास अधिकारी संतोष बहादुर सिंह की मौजूदगी में हुआ। जिला सेवायोजन अधिकारी शहनवाज आलम ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने अभ्यर्थियों को विभाग की ओर से संचालित रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी दी। सीडीओ ने युवाओं को इस अवसर का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। मेले में फ्लिपकार्ट, टाटा एआई लाइफ इंश्योरेंस, भारतीय जीवन बीमा निगम, एसबीआई लाइफ, मीशो, डिक्सन, वेलस्पन समेत 30 कंपनियों ने युवाओं का साक्षात्कार लिया। इस दौरान आईटीआई के प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी शहनवाज आलम, रवीश मिश्रा, ह्रदेश कुमार सक्सेना, अंकित श्रीवास्तव, अनार सिंह, ललिता, प्रभात, पूनम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

पात्रों के नाम सूची में दर्ज करने घर-घर जाएंगे बीएलओ

मोर्निंग सिटी संवाददाता



मैनपुरी । मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में जनपद का कोई भी पात्र नागरिक नाम शामिल होने से वंचित न रहे। इसके लिए बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर सत्यापन करें और परिवार के मुखिया से संवाद कर सभी वयस्क सदस्यों के नाम मतदाता सूची में शामिल होने की जानकारी लें। यह निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने शनिवार को विशेष बूथ दिवस पर मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान दिए।उन्होंने मैनपुरी और करहल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ को जेंडर रेशियो और एपिक रेशियो में सुधार के निर्देश दिए।

कहा कि एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं से फार्म-6 भरवाकर ऑनलाइन आवेदन कराएं। नाम, पता, आयु और लिंग संबंधी त्रुटियों को भी निर्धारित फार्म से ठीक कराया जाए। कार्य में लापरवाही पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी। आवास विकास स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण में कार्यकर्ता सुदामा और संतोषी अनुपस्थित मिलीं। कक्ष में पोषाहार भरा होने और बच्चों के बैठने की उचित व्यवस्था न मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताई। दोनों कार्यकताओं का मानदेय रोकने के निर्देश दिए। वहीं, विद्यालय कक्ष पर अनधिकृत कब्जे को हटवाकर सामान की नीलामी कराने और विद्यालय के प्रवेश द्वारों पर गेट लगवाने के निर्देश भी दिए।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) अभियान के तहत एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नवनीता राय ने बीएलओ के साथ घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया। उन्होंने लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और विवरणों में संशोधन कराने की जानकारी दी। इस दौरान नए मतदाताओं से संपर्क कर उनके पहचान पत्र और फोटो लेकर आवेदन प्रक्रिया समझाई। एसडीएम ने बताया कि नए नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 और संशोधन के लिए फॉर्म-8 भरा जाता है।

उन्होंने बीएलओ को पारदर्शिता से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान अमित यादव, योगिता गौतम और रिहाना बेगम मौजूद रहीं। मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने के लिए शनिवार को नगर के मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया गया। नेशनल इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज और कंपोजिट विद्यालय छोटा बाजार सहित अन्य बूथों पर सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवेदन किए। बीएलओ सुबह 10 से शाम चार बजे तक बूथों पर मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी पीयूष जायसवाल ने बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि रविवार को भी विशेष अभियान चलेगा। नागरिक जरूरी अभिलेखों के साथ बूथ पर पहुंचकर आवेदन कर सकते हैं।

भूमि विवादों के निस्तारण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई



मोर्निंग सिटी संवाददाता

करहल। संपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को तहसील करहल में जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने जन शिकायतें सुनीं। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को भूमि विवादों के मामलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी। भूमि संबंधी शिकायत मिलने पर पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर भेजकर दोनों पक्षों की मौजूदगी में समस्या का निस्तारण कराए। कार्रवाई के दौरान दोनों पक्षों के साथ गांव के संभ्रांत लोगों के हस्ताक्षर भी कराए जाएं।डीएम ने कहा कि पक्की पैमाइश के बाद दोबारा कब्जा करने वालों को भारी मुचलके में पाबंद कर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। लापरवाही या दोबारा शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान अहिवरन सिंह ने गाटा संख्या तीन पर बार-बार कब्जा किए जाने की शिकायत की। इसके अलावा नगर पंचायत के निर्माण कार्यों में भेदभाव, कृषि भूमि पर अवैध कब्जे, घरौनी में नाम दर्ज कराने, धान पंजीकरण सत्यापन में धन मांगने और चकरोड की पैमाइश सहित अन्य शिकायतें आईं। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने भी पुलिस संबंधी शिकायतें सुनकर कार्रवाई के निर्देश दिए।

कुरावली में 16 शिकायतें आईं : तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर ने क्षेत्रीय लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान राजस्व विभाग से संबंधित 16 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। तहसीलदार ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान कानूनगो बृजभूषण सहित क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

किशनी में बैनामे पर रोक लगाने की मांग

सीडीओ संतोष कुमार ने कस्बा स्थित तहसील दिवस में शिकायतें सुनीं। मीरपुर ढकरोई निवासी महिला ने अपने 95 वर्षीय वृद्ध ससुर की संपत्ति के बैनामे पर रोक लगाने की मांग की। श्यामा दुबे पत्नी राजीव दुबे ने शिकायत में बताया कि उनके ससुर सत्यनारायण दुबे की शारीरिक और मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्हें सुनने और देखने में भी परेशानी होती है। वहीं उनके पति लकवा से पीड़ित हैं। आरोप है कि देवर वृद्धावस्था का लाभ उठाकर पैतृक संपत्ति का बैनामा कराने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने ससुर की शारीरिक और मानसिक जांच कराने तथा जांच पूरी होने तक संपत्ति का बैनामा न होने देने की मांग की। अधिकारियों ने जांच का आश्वासन दिया है।

चमकेंगी 39 गांवों की सड़कें, रोशन होंगे गलियारे

मोर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपुरी। जिले के 39 गांवों की सड़कें जल्द ही चमकती दिखेंगी। वहीं, इनके गलियारों को विद्युत लाइट से रोशन किया जाएगा। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत यह संभव होगा। इन गांवों और ग्राम पंचायतों में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के समन्वय तथा ""गैप-फिलिंग"" (अंतराल पूर्ति) निधि से समग्र विकास के कार्य किए जाएंगे।

प्रति गांव 20 लाख रुपये तक की गैप-फिलिंग सहायता प्रदान की गई है। विकास कार्यों से पिछड़े गांव में विकास के लिए जिला प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत जिले के 39 गांव का चयन किया गया है। इन गांव में जरूरी व्यवस्थाओं को उपलब्ध कराया जाएगा। करीब 20 लाख रुपये तक की धनराशि से यहां नाला, नाली, गलियों में निर्माण के साथ ही शिक्षण संस्थाओं का कायाकल्प किया जाएगा। इन गांव को अंधेरे से भी मुक्ति मिलेगी। संबंधित गांवों में रात के समय प्रकाश की व्यवस्था के लिए स्ट्रीट लाइटें भी लगाई जाएंगी। जिला प्रशासन ने इसके लिए तैयारियों को तेज कर दिया है।

छुट्टी के समय जाम ने बढ़ाई स्कूली बच्चों की परेशानी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



करहल। कस्बे में स्कूलों की छुट्टी के समय लगने वाला जाम लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बनता जा रहा है। शनिवार को भी दोपहर करीब तीन बजे किशनी चौराहे पर भीषण जाम लग गया। इसमें स्कूली बसों समेत बड़ी संख्या में वाहन फंस गए। करीब एक घंटे तक लगे जाम के कारण स्कूली बच्चों को घर पहुंचने में देरी हुई।

वहीं, राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।शनिवार को दोपहर करीब तीन बजे स्कूलों की छुट्टी होने के बाद अचानक किशनी चौराहे पर वाहनों की संख्या बढ़ गई। देखते ही देखते चौराहे के आसपास वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम में कई स्कूल बसें भी फंस गईं। बसों में सवार बच्चे काफी देर तक जाम खुलने का इंतजार करते रहे। जाम के चलते बच्चों को अपने घर पहुंचने में निर्धारित समय से काफी अधिक समय लगा। वहीं, जरूरी काम से निकले लोगों को भी जाम खुलने तक इंतजार करना पड़ा।स्थानीय निवासी गौरव यादव, अंकुश यादव, विनोद, प्रशांत कुमार ने मांग की है कि स्कूलों की छुट्टी के समय कस्बे के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था संभालने के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं और कस्बे के अंदर से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई जाएं।

सीओ अजय सिंह चौहानका कहना है कि जाम की समस्या को दूर करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही नगर पंचायत के ईओ के साथ मिलकर अतिक्रमण के खिलाफ भी अभियान चलाया जाएगा।

विशेष रोजगार सृजन सप्ताह का बहिष्कार करेंगे रोजगार सेवक



मोर्निंग सिटी संवाददाता

बेवर। लंबित मांगों के पूरी करने के समर्थन में आवाज बुलंद करते हुए रोजगार सेवकों ने आंदोलन की राह पकड़ी। शनिवार को खंड विकास कार्यालय पर रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन बीडीओ को सौंपा।

इसमें 23 नवंबर से शुरू होने वाले विशेष रोजगार सृजन सप्ताह के बहिष्कार की घोषणा की गई।ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल सिंह बैस ने बताया कि रोजगार सेवक 24 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, ईपीएफ सहित अन्य विभागीय समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं। एक सप्ताह पहले संगठन और अधिकारियों के बीच हुई वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकलने पर यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि 27 नवंबर से जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मांगें पूरी नहीं होने पर तीन दिसंबर को प्रदेशभर के रोजगार सेवक लखनऊ में विधानसभा का घेराव करेंगे। इस दौरान मनोज चौहान, राजपाल, अवनीश यादव, जितेंद्र कुमार, दीपू कुमार, धर्मेंद्र, सतेंद्र, रजनीश सहित अन्य रोजगार सेवक मौजूद रहे। लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा करने के लिए आंदोलन कर रहे रोजगार सेवकों को ग्राम प्रधानों का समर्थन मिल गया है। शनिवार को खंड विकास कार्यालय पर धरना दे रहे रोजगार सेवकों को प्रधानों ने माला पहनाकर सम्मानित किया और उनकी मांगों को जायज बताते हुए समर्थन दिया।

गर्म कपड़ों की खरीदारी बढ़ी, नए रंग और पैटर्न लुभा रहे

मोर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपुरी। मौसम में बदलाव के साथ ही सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़ों की खरीदारी शुरू हो गई है। सुबह और शाम ठंड का अहसास बढ़ने से लोग स्वेटर, जैकेट, शॉल, स्टॉल सहित अन्य ऊनी कपड़ों की खरीदारी करने बाजार पहुंच रहे हैं। शादी-सीजन के चलते डिजाइनर और आकर्षक गर्म कपड़ों की मांग भी बढ़ी है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार गर्म कपड़ों के दामों में करीब 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी के बाद भी ग्राहक खरीदारी में रुचि दिखा रहे हैं।सर्दी के मौसम को देखते हुए बाजार में गर्म कपड़ों की नई वैरायटी सज गई है। महिलाओं के लिए डिजाइनर कार्डिगन, ऊनी स्टॉल, शॉल और हल्के व आकर्षक स्वेटर पसंद किए जा रहे हैं। शादी समारोहों में शामिल होने के लिए महिलाएं परिधान के साथ मैचिंग स्टॉल और कार्डिगन खरीद रही हैं। वहीं, युवाओं में हुडी, स्वेटशर्ट, जैकेट और अलग-अलग डिजाइन के स्वेटर का क्रेज है। दुकानदार नारायण गुप्ता ने बताया कि इस बार गर्म कपड़ों में हल्के वजन के साथ गर्माहट देने वाले फैब्रिक, आकर्षक रंगों, नए पैटर्न और आरामदायक डिजाइन को प्राथमिकता दी जा रही है। महिलाओं के लिए लॉन्ग कार्डिगन, ओपन फ्रंट स्वेटर, डिजाइनर स्टॉल और सॉफ्ट टेक्सचर वाली शॉल पसंद की जा रही हैं।

बंजारा समाज ने भरी हुंकार, मांगी राजनीतिक हिस्सेदारी

बिछवां। विकासखंड सुल्तानगंज के शास्त्रीनगर गांव में शनिवार को बाबा लक्खी शाह बंजारा के नाम से बंजारा शंखनाद महारैली का आयोजन किया गया। इसमें सुहेलदेव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर सिंह ने समाज के लोगों से एकजुट होकर राजनीतिक हिस्सेदारी मांगने का आह्वान किया।सोमनाथ आरसीसी बाउंड्रीवॉल परिसर में आयोजित रैली में आसपास के गांवों सहित विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में बंजारा समाज के लोग पहुंचे। डॉ. अरविंद राजभर ने कहा कि जिस जाति की राजनीति मजबूत नहीं होती, उसका विकास भी नहीं हो पाता। बंजारा समाज का देश के इतिहास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विदेशी आक्राताओं से मुकाबले में समाज के लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन आज समाज अपना इतिहास भूलता जा रहा है। उन्होंने बच्चों को शिक्षित करने और अधिकारों के प्रति जागरूक होने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि सुहेलदेव पार्टी गरीब बंजारा परिवारों का निशुल्क इलाज कराएगी। किसी को इलाज के लिए जमीन बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने छह दिसंबर को आजमगढ़ में प्रस्तावित महारैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

शास्त्रीनगर को एकजुट करने और गली बनवाने का दिया आश्वासन : डॉ. अरविंद राजभर ने कहा कि तीन पंचायतों में बंटे शास्त्रीनगर गांव को इस बार एकजुट किया जाएगा।

गऊ पूजन से होता है जीवन का उद्धार-पुनीता चेतन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। रावण टीला स्थित चेतन आश्रम में आयोजित सामूहिक एकादशी उद्यापन के दूसरे दिन शनिवार को गऊ पूजन और तुलसी पूजन किया गया। सुबह 10 बजे मंत्रोच्चार के साथ पूजन प्रारंभ हुआ। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की।आश्रम की संचालिका साध्वी पुनीता चेतन ने गऊ माता को तिलक लगाकर नए वस्त्र धारण कराए और गऊ ग्रास अर्पित किया। इसके बाद आरती कर गऊ माता की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में गऊ पूजन का विशेष महत्व है। गऊ माता की सेवा और पूजन से जीवन का कल्याण होता है। उन्होंने नई पीढ़ी को धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यों से जोड़ने का आह्वान किया।इस अवसर पर सुरेश शर्मा, उर्मिला देवी, निरंजन गुप्ता, मुन्नी गुप्ता, भानु प्रकाश, पुष्पा देवी, तारा सिंह कुशवाह, मोतनी कुशवाह, वीरेंद्र सिंह, ओमवती सिंह, संजीव वार्ष्णेय और सीमा वार्ष्णेय सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

धुंधली फोटो वाले मतदाता बीएलओ से संपर्क कर कराएं संशोधन-ओपी आर्य

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को रोल प्रेक्षक एवं मंडलायुक्त ओपी आर्य ने 75-कोल और 76-शहर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को मतदाता सूची का शुद्धिकरण और शत-प्रतिशत सत्यापन करने के निर्देश दिए।मंडलायुक्त ने संत फिदेलिस स्कूल और एएमयू सिटी स्कूल स्थित बूथों पर पहुंचकर अभियान की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में जिनकी फोटो धुंधली या अस्पष्ट है, वे बीएलओ से संपर्क कर उसे पहचान योग्य कराएं। अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित नहीं रहना चाहिए।उन्होंने एसआईआर में मृतक और स्थानांतरित बताकर हटाए गए मतदाताओं का घर-घर जाकर पुनः सत्यापन करने तथा पात्र पाए जाने पर उनके नाम दोबारा शामिल कराने के निर्देश दिए। परिवार के छूटे सदस्यों और पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं से फार्म-6 भरवाने तथा नाम, पता और फोटो में संशोधन के लिए फार्म-8 भरवाने पर भी जोर दिया।मंडलायुक्त ने हेल्प डेस्क को प्रभावी बनाने और वहां सभी आवश्यक प्रपत्र व मतदाता सूची से जुड़ी अद्यतन जानकारी उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता निष्पक्ष निर्वाचन के लिए आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त प्रशासन प्रदीप कुमार यादव, एसडीएम कोल अजय कुमार शर्मा, तहसीलदार मुकेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी और बीएलओ मौजूद रहे।

दिव्यांग दंपति के भूखंड पर कब्जे की कोशिश और धमकी देने का आरोप

सुमित शेखर सर्राफ और दीपक गर्ग के खिलाफ जिलाधिकारी से शिकायत, सुरक्षा और मुकदमा दर्ज कराने की मांग

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। थाना देहलीगेट क्षेत्र के बनियापाड़ा होली चैक निवासी दिव्यांग दंपती ने अपने भूखंड पर अवैध कब्जे की कोशिश और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित डॉली और उनके पति संतोष कुमार वार्ष्णेय ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा तथा आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, संतोष कुमार दोनों पैरों से दिव्यांग हैं। परिवार ने वर्ष 2015 में बेटी के भविष्य और शादी के लिए 150 वर्ग गज का भूखंड खरीदा था। आरोप है कि आसपास की जमीन खरीदने वाले सुमित शेखर सर्राफ और दीपक गर्ग इस भूखंड पर कब्जा करना चाहते हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि जमीन बेचने की बात करने पर उनके साथ गाली-गलौज की गई और मात्र 10 से 20 हजार रुपये में भूखंड छोड़ने का दबाव बनाया गया। फोन पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है।पीड़ित परिवार ने बताया कि इस संबंध में 2 सितंबर 2026 को भी जिलाधिकारी से शिकायत की गई थी। अब डॉली ने दोबारा प्रार्थना पत्र देकर परिवार की सुरक्षा, भूखंड को कब्जे से बचाने और आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।


शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर कर संग्रहकर्ता निलंबित

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। नगर निगम की जनसुनवाई में संपत्ति कर संबंधी शिकायत का लगभग एक वर्ष तक निस्तारण न होने पर नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कार्यवाहक कर संग्रहकर्ता विनोद कुमार पाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। मामले की जांच सहायक नगर आयुक्त प्रथम तपस्या यादव को सौंपी गई है।बुधवार को नगर निगम सेवा भवन में जनसुनवाई के दौरान मोहल्ला नगला कलार स्थित भवन संख्या 4190 के संपत्ति कर के विरुद्ध दर्ज आपत्ति लंबित रहने की शिकायत की गई। नगर आयुक्त ने संबंधित कर्मचारी को तलब कर देरी का कारण पूछा, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। साथ ही संबंधित क्षेत्र से आपत्तियों के निस्तारण में देरी और अनुचित लाभ मांगने की शिकायतें मिलने की बात भी सामने आई।नगर आयुक्त ने प्रथम दृष्टया दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही और भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों को गंभीर मानते हुए निलंबन के आदेश दिए। निलंबन अवधि में कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा और उन्हें प्रभारी कर निर्धारण अधिकारी के कार्यालय से संबद्ध किया गया है।नगर आयुक्त ने कहा कि जनशिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता है। लापरवाही या भ्रष्टाचार में संलिप्तता पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

शादी समारोह में खूनी संघर्ष, भात चढ़ाने आए मामा-मामी और बच्चों को पीटा; आधा दर्जन घायल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



आगरा। अछनेरा के थापी गांव में शादी समारोह के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब भात चढ़ाने आए रिश्तेदारों पर हमला कर दिया गया। आरोप है कि लाइट बंद कर मामा-मामी और उनके साथ आए बच्चों को घेरकर पीटा गया। मारपीट में करीब आधा दर्जन महिला-पुरुष घायल हो गए। अचानक हुए हमले से शादी की खुशियों के बीच चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक, थापी गांव में शादी समारोह चल रहा था। इसी दौरान भात चढ़ाने के लिए रिश्तेदार पहुंचे थे। आरोप है कि इसी बीच कुछ लोगों ने लाइट बंद कर दी और रिश्तेदारों पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने मामा-मामी और बच्चों के साथ मारपीट की। घटना में कई महिला और पुरुष घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने मारपीट के दौरान 50 हजार रुपये और मोबाइल फोन छीनने का भी आरोप लगाया है। घटना के बाद घायलों को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी अछनेरा भेजा। सूचना पर पहुंची थाना अछनेरा पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। आरोपों और पूरे घटनाक्रम की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गुरु नानक जयंती को लेकर पुलिस अलर्ट, गुरुद्वारा गुरु का ताल पहुंचकर एसीपी ने परखीं तैयारियां

मोर्निंग सिटी संवाददाता



आगरा। गुरु नानक जयंती पर्व को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए आगरा पुलिस ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की तैयारियां तेज कर दी हैं। आगामी 24 नवंबर को होने वाले आयोजन के मद्देनजर शुक्रवार को एसीपी हरिपर्वत बजरंग प्रसाद गुरुद्वारा गुरु का ताल पहुंचे। उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारियों और आयोजकों से मुलाकात कर कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली। पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के निर्देशन में पहुंचे एसीपी ने आयोजन स्थल का जायजा लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की आवाजाही को लेकर आवश्यक चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिए सुरक्षा और यातायात सहित सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य गुरु नानक जयंती के आयोजन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के निधन पर ऑर्चिड में शोकसभा आयोजित



मोर्निंग सिटी संवाददाता

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के निधन पर ऑर्चिड में शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

शोकसभा में सत्यवीर गुप्ता, विनीत मित्तल, बिन्नी किशोर अग्रवाल, बंटी, रामवीर सिंह, पंकज गोयल, दिलीप चतुर्वेदी, निशू अग्रवाल, दीपक गर्ग, रानू अग्रवाल, संजय गुप्ता इंपीरियल, रुचिन अग्रवाल, कुलजीत बग्गा, विमल जैन, विनय सिंघल, रामाशंकर गुप्ता, कलाकार उमेश गुप्ता, नरेंद्र चौहान और गौरव गर्ग सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

किड्स कॉर्नर स्कूल में आयोजित हुआ संविधान संवाद, विद्यार्थियों को बताए मौलिक अधिकार और कर्तव्य



मोर्निंग सिटी संवाददाता

फिरोजाबाद। किड्स कॉर्नर हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को भारतीय संविधान, मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संविधान संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट योगेश शिवा रहीं।

उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए संविधान की मूल भावना, मौलिक अधिकारों और नागरिक कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को अधिकार देने के साथ समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की प्रेरणा भी देता है। विद्यार्थियों को कानून का सम्मान करने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने सवाल पूछकर कानूनी जागरूकता से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या रुपाली भटनागर ने अतिथि का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक जीवन में अधिकारों और कर्तव्यों को समझने का अवसर देते हैं। प्रबंधक मुकुल भटनागर, प्रशासक डॉ. मयंक भटनागर और सीईओ विख्यात भटनागर ने पहल की सराहना की। कार्यक्रम में वाइस सीईओ दीपाली भटनागर, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

अब सड़क पर नहीं निकलेगी बारात, घुड़चढ़ी और जयमाला भी परिसर के अंदर ही होगी!

मोर्निंग सिटी संवाददाता



आगरा। शादी समारोह के नाम पर सड़कों पर जाम लगाने वालों की अब खैर नहीं। आगरा के नगर जोन में शादी समारोह और सामाजिक आयोजनों के दौरान यातायात बाधित करने, चोरी की घटनाओं और हर्ष फायरिंग पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। अब सड़क पर बारात निकालने, घुड़चढ़ी करने और स्वागत कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं होगी। जयमाला सहित शादी की सभी रस्में समारोह स्थल के परिसर के अंदर ही करानी होंगी। नियमों का उल्लंघन होने पर संबंधित लोगों के साथ समारोह स्थल संचालकों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।

डीसीपी सिटी रविंद्र कुमार ने शादी समारोह और अन्य सामाजिक आयोजनों को लेकर 12 सूत्रीय दिशा-निर्देश जारी किए हैं। होटल, मैरिज होम, रिसॉर्ट और गेस्ट हाउस संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने परिसर के अंदर ही पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था करें। सड़क पर वाहन खड़े मिलने या उनकी वजह से यातायात बाधित होने पर संचालकों की जवाबदेही तय की जाएगी। पुलिस का उद्देश्य शादी समारोहों के दौरान आम लोगों को जाम से राहत दिलाने के साथ सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत करना है। पुलिस ने समारोह स्थलों के अंदर किसी भी प्रकार का असलहा ले जाने पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। संचालकों को परिसर में हथियार लेकर आने वाले लोगों को प्रवेश की अनुमति नहीं देने को कहा गया है। हर्ष फायरिंग की घटना सामने आने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सड़क पर बारात, घुड़चढ़ी और स्वागत कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। समारोह स्थलों पर चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किया गया है। होटल और मैरिज होम संचालकों को कैमरों की स्थिति और व्यवस्था का मानचित्र दो दिन के अंदर संबंधित थाना प्रभारी को उपलब्ध कराना होगा। इसके अलावा निजी सुरक्षा गार्डों की तैनाती कार्यक्रम समाप्त होने तक मुख्य द्वार पर सुनिश्चित करनी होगी, ताकि समारोह स्थल के बाहर भीड़ और वाहनों के कारण यातायात प्रभावित न हो।

डीजे का संचालन निर्धारित समय और ध्वनि सीमा के अनुसार ही किया जा सकेगा। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। ऐतिहासिक स्थलों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और रिहायशी क्षेत्रों के आसपास तेज आवाज वाली आतिशबाजी तथा अधिक ज्वलनशील विस्फोटकों के इस्तेमाल पर रोक रहेगी। प्रतिबंधित क्षेत्रों में बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने की भी अनुमति नहीं होगी। डीसीपी सिटी रविंद्र कुमार ने नागरिकों से अपील की है कि यदि वे दो से तीन दिन के लिए घर से बाहर जा रहे हैं तो इसकी सूचना नजदीकी पुलिस चौकी या थाने पर जरूर दें।

ढाई करोड़ रुपये की हेराफेरी के मामले में बड़ा फैसला, पूर्व कंपनी GM को 5 साल की सजा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



आगरा। थाना न्यू आगरा क्षेत्र में कंपनी के ढाई करोड़ रुपये की हेराफेरी और अमानत में खयानत के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। सीजेएम न्यायालय, आगरा ने दोषी अजय कुमार उर्फ अजय गोयल को पांच वर्ष के साधारण कारावास और 2 करोड़ 20 लाख 1 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह मामला वर्ष 2017 का है, जिसमें करीब नौ साल बाद न्यायालय का फैसला आया है।

पुलिस के अनुसार, कुसुम विहार, दयालबाग स्थित जीएम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के जीएम के पद पर कार्यरत अजय कुमार उर्फ अजय गोयल पर कंपनी की ओर से पार्टियों और डिस्ट्रीब्यूटर्स को भुगतान करने के लिए दिए गए करीब ढाई करोड़ रुपये का भुगतान नहीं करने और धनराशि की हेराफेरी करने का आरोप था। इस संबंध में कंपनी की ओर से सुदीप गर्ग ने 12 मई 2017 को थाना न्यू आगरा में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अमानत में खयानत और अभद्रता के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था।

पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 14 मई 2017 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्य संकलित किए और गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद 12 जुलाई 2017 को आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया। इस मामले में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत थाना न्यू आगरा पुलिस, कोर्ट पैरोकार, अभियोजन पक्ष और मॉनीटरिंग सेल ने प्रभावी पैरवी की। पुलिस की ओर से न्यायालय में प्रस्तुत दस्तावेजी साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया गया। सीजेएम न्यायालय आगरा ने 18 नवंबर 2026 को अजय कुमार उर्फ अजय गोयल को पांच वर्ष के साधारण कारावास और 2 करोड़ 20 लाख 1 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ऑपरेशन कन्विक्शन का उद्देश्य प्रभावी पैरवी के माध्यम से अपराधियों को सजा दिलाना और पीड़ितों को न्याय उपलब्ध कराना है।

शादी समारोह में आतिशबाजी से मैरिज होम के स्वागत गेट में लगी आग, बरातियों में मची भगदड़

मोर्निंग सिटी संवाददाता



आगरा। शादी समारोह में खुशियों के बीच आतिशबाजी उस समय मुसीबत बन गई, जब उसकी चिंगारी से मैरिज होम के स्वागत गेट में आग लग गई। देखते ही देखते सजावटी गेट से आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। आग का विकराल रूप देखकर बरातियों और मेहमानों में भगदड़ मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। मामला थाना सिकंदरा क्षेत्र के शास्त्रीपुरम का है। जानकारी के मुताबिक, मैरिज होम में शादी समारोह चल रहा था। स्वागत गेट को कपड़े और प्लास्टिक के फूलों से आकर्षक तरीके से सजाया गया था। मैरिज होम के अंदर भी पूरे पांडाल में सजावट की गई थी। इसी दौरान समारोह में हो रही आतिशबाजी की एक चिंगारी स्वागत गेट पर जा गिरी। चिंगारी से सजावटी सामग्री ने आग पकड़ ली। कुछ ही देर में गेट आग की लपटों से घिर गया।

अचानक आग लगने से समारोह में मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें देखकर बराती और मेहमान जान बचाकर भागने लगे। शादी समारोह की खुशियां कुछ ही पलों में चीख-पुकार और भगदड़ में बदल गईं। आग तेजी से फैलने की आशंका को देखते हुए मैरिज होम के कर्मचारियों, हलवाइयों और वेटरों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मैरिज होम में लगे सबमर्सिबल के पाइप से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। कर्मचारियों और पुलिस की मदद से करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि आग को मैरिज होम के अंदर बने पांडाल तक पहुंचने से पहले ही बुझा दिया गया। यदि आग सजावट और पांडाल तक फैल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

सीडीओ ने जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के पम्पलेट का किया विमोचन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



फिरोजाबादः- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती मुदिता पाण्डेय की सहमति एवं निर्देशन में जनपद के सभी बोर्डों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं विद्यालय के निदेशक अंशुल खंडेलवाल के संयोजन में दिनाँक 23 नवम्बर 2026 को प्रातः 9:30 बजे से अमेजिंग वर्ल्ड, इटावा रोड सिरसागंज में किया जा रहा है।

विकास भवन में नवागत मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं अंशुल खंडेलवाल ने किया। शैलेन्द्र कुमार सिंह सीडीओ फिरोजाबाद ने जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के पम्पलेट का विमोचन करते हुए जनपद के समस्त बोर्डों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपने - अपने विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि हेतु अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में ससमय प्रतिभाग करने के लिए कहा।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि जनपद स्तर पर जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रमशः कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के 100 मॉडल प्रस्तुत किए जायेंगे। जनपद स्तर पर गठित तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा 15 मॉडलों का चयन करते हुए मण्डल स्तर हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्हीं 15 चयनित मॉडलों में से मूल्यांकनोंपरांत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार हेतु क्रमशः रु 5000, रु 3000 व रु 2000 एवं 02 विद्यार्थियों को सान्त्वना पुरस्कार हेतु रु 1000, (प्रत्येक को) दिए जाने के साथ प्रशस्ति पत्र, सम्मान, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं निर्धारित नकद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा एवं अन्य प्रतिभागियों को भी प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। अंशुल खंडेलवाल ने जनपद के समस्त बोर्डों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के नाम उनके व्हाट्सएप नम्बर 9058885668 पर दिनाँक 22 नवंबर 2026 को सांय 5 बजे तक उपलब्ध करा दीजिये

फ्लिपकार्ट डिलीवरी के नाम पर 550 जूतों के डिब्बों में हेराफेरी का आरोप

मोर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। आगरा में फ्लिपकार्ट के माध्यम से जूतों की डिलीवरी के दौरान बड़ी हेराफेरी का मामला सामने आया है। एक व्यापारी की फर्म के 550 जूतों के डिब्बों में नए जूतों की जगह पुराने और फटे जूते रखे जाने का आरोप लगाया गया है। मामले में डिलीवरीकर्मी रामसेवक और देवेश बाबू पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जानकारी के अनुसार, व्यापारी गौरव गुप्ता की फर्म से जुड़े जूतों की डिलीवरी के दौरान डिब्बों में हेराफेरी की आशंका हुई। आरोप है कि नए जूतों के डिब्बों में पुराने और फटे जूते रख दिए गए थे। इस तरह कुल 550 डिब्बों में गड़बड़ी किए जाने का दावा किया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर ई-कॉमर्स सेलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने डिब्बों की जांच की तो कथित हेराफेरी का मामला सामने आया। इसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। व्यापारी पक्ष ने पुलिस अधिकारी को शिकायत देकर डिलीवरीकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

बारात में नाच-गाने के बीच दूल्हे के पिता की हत्या, दामाद पर आरोप; शादी की खुशियां मातम में बदलीं

मोर्निंग सिटी संवाददाता

मथुरा। गोवर्धन थाना क्षेत्र के बसई गांव में शुक्रवार रात शादी समारोह के दौरान सनसनीखेज वारदात हो गई। बारात में नाच-गाने के बीच दूल्हे के पिता की हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप मृतक के दामाद पर लगाया गया है। घटना के बाद शादी समारोह में चीख-पुकार मच गई। जिस घर में शादी की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहां मातम छा गया। हालांकि शनिवार सुबह परिजनों ने गमगीन माहौल में दूल्हा-दुल्हन के फेरे कराकर विवाह की रस्में पूरी कराईं। जानकारी के मुताबिक, अलीगढ़ जिले के इगलास से अरविंद की बारात मथुरा के गोवर्धन थाना क्षेत्र के गांव बसई आई थी। शुक्रवार रात बारात चढ़ रही थी। डीजे पर गाने बज रहे थे और बाराती नाचते-गाते चल रहे थे। इसी दौरान सब्जी मंडी के पीछे दूल्हे के पिता ओमप्रकाश का अपने दामाद सुखवीर सिंह से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और सुखवीर सिंह ने अपने ससुर ओमप्रकाश पर हमला कर दिया। हमले में ओमप्रकाश की मौत हो गई। अचानक हुई इस वारदात से बारात में भगदड़ जैसे हालात बन गए। शादी समारोह में मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही खुशियां मातम में बदल चुकी थीं। घटना के बाद मृतक के बेटे ने अपने बहनोई सुखवीर सिंह पर पिता की हत्या करने का आरोप लगाया है। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटा रही है। इस घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। एक तरफ पिता की मौत का दुख था तो दूसरी तरफ घर में शादी की रस्में अधूरी थीं। ऐसे में शनिवार सुबह परिजनों ने भारी मन से दूल्हा अरविंद और दुल्हन के फेरे कराकर शादी संपन्न कराई। जिस घर में खुशियों और जश्न का माहौल होना था, वहां परिवार के लोग आंसुओं के बीच विवाह की रस्में निभाते नजर आए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मध्यप्रदेश विधानसभा की युवा संसद में शामिल होंगे आरएमपीएसयू के विद्यार्थी भूपेंद्र कुमार

मोर्निंग सिटी संवाददाता



अलीगढ़। राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में एमए अंतिम वर्ष के विद्यार्थी भूपेंद्र कुमार 21 और 22 नवंबर 2026 को मध्यप्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन नेशन फर्स्ट फाउंडेशन की ओर से किया जा रहा है।

हाथरस जनपद के सिकंदराराऊ क्षेत्र स्थित नगला भूड़ के ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर के लोकतांत्रिक मंच तक पहुंचने वाले भूपेंद्र कुमार को इस कार्यक्रम में संसदीय परंपराओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार रखने का अवसर मिलेगा।उनकी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय, संस्कृत विभाग और हाथरस जनपद में खुशी है। यह उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और शिक्षा, परिश्रम तथा दृढ़ संकल्प के महत्व को दर्शाती है।

पुलिस के सामने ही शराबियों का तांडव, युवक को घेरकर पीटते रहे हमलावर

मोर्निंग सिटी संवाददाता



अलीगढ़। थाना बन्नादेवी क्षेत्र के खैर बाईपास रोड पर शराब के नशे में धुत लोगों की दबंगई का मामला सामने आया है। आरोप है कि करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने एक युवक को घेरकर बेरहमी से मारपीट की। युवक को बचाने के बजाय हमलावर काफी देर तक उसके साथ मारपीट करते रहे। घटना का वीडियो प्रसारित होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है।जानकारी के अनुसार, बरौला चैक निवासी पुनीत कुमार शुक्रवार रात करीब 9रू15 बजे अपने भाई प्रशांत के साथ विवेकानंद स्कूल के पास शादी समारोह में जा रहे थे। भारत पेट्रोल पंप के पास खैर बाईपास पर दो युवकों ने मोटरसाइकिल आगे लगाकर उनका रास्ता रोक लिया। विरोध करने पर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर दोनों भाइयों के साथ मारपीट की। हमलावरों ने उनकी मोटरसाइकिल भी तोड़ दी तथा जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित की शिकायत पर थाना बन्नादेवी पुलिस ने प्राथमिकी संख्या 0837 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 352, 351(3) और 324 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

दो आरोपियों को हिरासत में लिया

क्षेत्राधिकारी द्वितीय धनंजय सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

पुलिस की मौजूदगी में मारपीट के आरोप ने खड़े किए सवाल

घटना को लेकर यह आरोप भी सामने आया है कि पुलिस के सामने ही युवक के साथ मारपीट होती रही। यदि यह आरोप सही है तो मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की भूमिका और हमलावरों को तत्काल न रोक पाने को लेकर भी सवाल उठते हैं।

छोटी खबरें

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को भाजपा ने चलाया जागरूकता अभियान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



हाथरस। मतदाता जोड़ो विशेष अभियान के तहत भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव आर्य ने शक्ति केंद्र सेकसरिया इंटर कॉलेज स्थित बूथ संख्या 273 पर पहुंचकर मतदाता पुनरीक्षण अभियान में सहभागिता की। उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद कर पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने और परिवार के सभी सदस्यों के मतदाता विवरण की जांच करने की अपील की।गौरव आर्य ने बताया कि नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6, मतदाता सूची में संशोधन के लिए फॉर्म-8 तथा नाम हटवाने के लिए फॉर्म-7 भरा जाता है। उन्होंने बताया कि 21 और 22 नवंबर को संबंधित बूथों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) सुबह 10 से शाम 4 बजे तक मौजूद रहेंगे।उन्होंने नागरिकों से निर्धारित समय में बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना और परिवार के सदस्यों का नाम जांचने तथा पात्र नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे, इसके लिए सभी को अभियान में सक्रिय सहभागिता करनी चाहिए।

मथुरापुर में अंकुर कौशिक ने कराया पांच बेटियों का सामूहिक विवाह

मोर्निंग सिटी संवाददाता



हाथरस। गांव मथुरापुर में सामाजिक सरोकार और बेटियों के सम्मान की मिसाल पेश करते हुए अंकुर कौशिक ने अपनी माता कुसुमा देवी के संस्कारों से प्रेरित होकर पांच बेटियों का सामूहिक विवाह कराया। समारोह में पांच जोड़े शिवा-अंजू, सुशील-अंजली, जयपाल-मुस्कान, विजय-पूजा तथा अक्षय-ज्योति विधि-विधान और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधे। इस अवसर पर नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की गई। अंकुर कौशिक की इस पहल को क्षेत्र में सराहना मिल रही है। उन्होंने पांच बेटियों का विवाह कराकर सामाजिक सहयोग, भाईचारे और बेटियों के सम्मान का संदेश दिया। आयोजन में दीपक कौशिक, शिवा कौशिक, माधव कौशिक, प्रशांत कौशिक, लालो उपाध्याय, अनिल पाठक, संजय ठाकुर, काका ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

एनसीसी कैडेट्स को टीबी के लक्षणों और बचाव की दी जानकारी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सिकंदराराऊ ब्लॉक की टीबी यूनिट द्वारा एमआई इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पीपीएम समन्वयक ने एनसीसी कैडेट्स को टीबी के प्रकार, लक्षण, जांच और उपचार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी मुख्य रूप से पल्मोनरी और एक्स्ट्रा पल्मोनरी दो प्रकार की होती है। पल्मोनरी टीबी में खांसी, बलगम और बलगम में खून आने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। ऐसे लक्षण होने पर तत्काल सरकारी अस्पताल में चिकित्सकीय परामर्श लेकर बलगम की निःशुल्क ठअअळ जांच करानी चाहिए। जनपद के सभी ब्लॉक टीबी यूनिटों पर जांच की सुविधा उपलब्ध है तथा टीबी की पुष्टि होने पर दवाएं भी निःशुल्क दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी शरीर के अन्य अंगों जैसे दिमाग, आंख, हड्डियों और पेट को भी प्रभावित कर सकती है। कार्यक्रम में निक्षय पोषण योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि पात्र टीबी मरीजों को बैंक खाते के माध्यम से उपचार अवधि में पोषण सहायता भी दी जाती है। कैडेट्स से टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने और लक्षण वाले लोगों को जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करने की अपील की गई।

एएसडी मतदाताओं का दोबारा घर-घर सत्यापन कराने के निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान-2027 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यप्रकाश पटेल ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ सेट पीसी बागला इंटर कॉलेज में आयोजित विशेष कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ और सुपरवाइजरों से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन एवं नाम हटाने के लिए प्राप्त फॉर्म-6, 7 और 8 की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। विशेष रूप से अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत (एएसडी) मतदाताओं की सूची का दोबारा घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व में तैयार सूची को अंतिम न मानें और किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए। गलत श्रेणी में दर्ज नामों की अभिलेखीय एवं स्थलीय जांच कर नियमानुसार सुधार किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 22 नवंबर तथा 28 और 29 नवंबर को भी विशेष कैंप लगाए जाएंगे। उन्होंने अपील की कि एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा और अन्य पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन करें।

कांग्रेस की चौपाल में उठी मताधिकार की सुरक्षा और चुनावी पारदर्शिता की आवाज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने वरिष्ठ नेता रामनाथ जाटव के आवास पर ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्न चौपाल का आयोजन किया। अध्यक्षता वेदप्रकाश कर्दम ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव नरेश ठाकुर उपस्थित रहे। संचालन जिला प्रवक्ता डॉ. मुकेश चंद्रा ने किया। नरेश ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक के वोट का महत्व है। मताधिकार की रक्षा और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी है। वेदप्रकाश कर्दम ने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा के लिए जनजागरण कर रही है। वरिष्ठ नेता हेमंत सेंगर ने कहा कि वोट आम नागरिक की सबसे बड़ी ताकत है और उसके अधिकारों से किसी प्रकार का खिलवाड़ लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। राहुल गांधी लगातार संविधान और जनता के अधिकारों से जुड़े मुद्दे उठा रहे हैं। कृष्ण कुमार कन्हैया एडवोकेट ने भी विचार व्यक्त किए। चौपाल में सर्वसमाज के नागरिकों ने सहभागिता की। अंत में कांग्रेसजनों ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

खाटू श्याम जन्मोत्सव पर निकली भव्य निशान यात्रा, बाजारों में गूंजे बाबा के जयकारे

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। हारे के सहारे बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव शहर में हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शुक्रवार को रुई की मंडी स्थित ठाकुर कन्हैया जी महाराज मंदिर से भव्य निशान यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा श्रद्धालु हाथों में निशान और ध्वज लेकर बाबा के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। यात्रा गुड़हाई बाजार, रामलीला ग्राउंड, बेनीगंज और मोहनगंज होते हुए अलीगढ़ रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान प्रमुख बाजारों में श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते यातायात प्रभावित रहा और जाम की स्थिति बनी। पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था संभालने में जुटे रहे। उधर, श्याम प्रेस कंपाउंड स्थित खाटू श्याम मंदिर में दो दिवसीय जन्मोत्सव मेले के तहत बाबा का भव्य श्रृंगार और विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। दर्शनों के लिए देर रात तक भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। निशान यात्रा में मनीष अग्रवाल, विशाल सारस्वत, सीताराम अग्रवाल, हनी वार्ष्णेय, पिंटू अग्रवाल, चेतन सारस्वत, पवन वार्ष्णेय, गगन शर्मा, रिंकू अग्रवाल और आलोक कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 417 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ, 40 मुस्लिम जोड़े भी शामिल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



हाथरस। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 417 जोड़ों का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। इनमें 40 मुस्लिम जोड़े भी शामिल रहे। वैदिक मंत्रोच्चारण और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ हुए विवाह समारोह में जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने नवदंपतियों पर पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद दिया।समारोह का शुभारंभ विधायक सदर अंजुला सिंह माहौर, विधायक सिकंदराराऊ वीरेंद्र सिंह राणा, विधायक सादाबाद प्रदीप कुमार, विधान परिषद सदस्य ऋषिपाल सिंह सहित जिलाधिकारी और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।विधायक अंजुला सिंह माहौर ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह की चिंता दूर करने वाली महत्वपूर्ण योजना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना की धनराशि दोगुनी कर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत दी है। इससे अभिभावकों को बेटियों के विवाह के लिए कर्ज लेने की मजबूरी से बचाया जा रहा है। उन्होंने पात्र परिवारों से योजना का लाभ उठाने की अपील की।विधायक वीरेंद्र सिंह राणा ने बताया कि जनपद में अब तक करीब 6400 जोड़ों का विवाह इस योजना के तहत कराया जा चुका है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक जोड़े के लिए एक लाख रुपये की व्यवस्था है। इसमें वधू के बैंक खाते में 64 हजार रुपये, 21 हजार रुपये की उपहार सामग्री तथा 15 हजार रुपये आयोजन पर खर्च किए जाते हैं।इस अवसर पर विधायक प्रदीप कुमार, एमएलसी ऋषिपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख रामेश्वर उपाध्याय, रालोद जिलाध्यक्ष श्याम सिंह, अपना दल जिलाध्यक्ष रवि सारस्वत सहित अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह रोकथाम और नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

समाधान दिवस में डीएम सख्त, चकरोड़ पर कब्जे की शिकायत पर मौके पर भेजी टीम

मोर्निंग सिटी संवाददाता



आगरा। तहसील किरावली में शनिवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान डीएम ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समय सीमा के अंदर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 150 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। समाधान दिवस में गांव नगला मंशा निवासी कमल सिंह ने श्मशान भूमि की पैमाइश नहीं होने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित लेखपाल को फटकार लगाई। उन्होंने राजस्व टीम को मौके पर जाकर श्मशान भूमि की पैमाइश करने के निर्देश दिए।

वहीं, पुष्पेंद्र कुमार और कृष्णमुरारी ने चकरोड़ पर अवैध कब्जे की शिकायत रखी। लगातार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को तलब किया। उन्होंने बीडीओ अछनेरा, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी अछनेरा और राजस्व टीम को पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर चकरोड़ की पैमाइश कराने और अवैध कब्जा हटवाकर मिट्टी भराई का काम शुरू कराने के निर्देश दिए। डीएम ने मुआवजा, जमीन की पैमाइश, खेत की मेड़ काटने, पेंशन और अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायतों पर भी अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच करे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर न किया जाए। शिकायतकर्ता से संपर्क कर उसकी समस्या सुनी जाए और मौके पर निरीक्षण के बाद ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। निस्तारण की पूरी जानकारी पोर्टल पर अपलोड की जाए, ताकि शिकायतकर्ता को भी कार्रवाई की जानकारी मिल सके। समाधान दिवस में प्राप्त 150 शिकायतों में 80 राजस्व विभाग, 15 पुलिस विभाग, 10 पुलिस एवं राजस्व विभाग, 10 विकास विभाग, तीन विद्युत विभाग, दो चकबंदी विभाग और 30 अन्य विभागों से संबंधित थीं। इनमें विद्युत, पेंशन, राशन, भूमि विवाद, चकरोड़ निर्माण, नाली निर्माण और अतिक्रमण की शिकायतें प्रमुख रहीं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन आजाद भगत सिंह, एसडीएम सौम्य मिश्रा, एसीपी शैलेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार वंदना और ऋषभ दुबे, सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

हाथरस में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति और MRI सुविधा की मांग, सौंपा ज्ञापन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



हाथरस। जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और गंभीर बीमारियों के उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स (ADHR) ने राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष कमलकांत दोवराबाल की देखरेख में सौंपे गए ज्ञापन में हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, कैंसर, गुर्दा एवं अन्य गंभीर बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की मांग की गई। संगठन ने कहा कि विशेषज्ञ सुविधाओं के अभाव में मरीजों को उपचार के लिए अलीगढ़, आगरा और दिल्ली जाना पड़ता है। ज्ञापन में टफक्स सहित आधुनिक जांच सुविधाओं का विस्तार, विशेषज्ञ ओपीडी, टेलीमेडिसिन सेवा, गंभीर बीमारियों के लिए विशेष चिकित्सा इकाइयां विकसित करने तथा जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों के स्वीकृत और रिक्त पदों का ब्योरा सार्वजनिक करने की मांग भी उठाई गई। प्रवीन वार्ष्णेय ने कहा कि गरीब मरीजों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे शहरों में भटकना न पड़े, इसके लिए हाथरस में ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उटड ने ज्ञापन शासन को भेजकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान अनिल अग्रवाल, राजेश वार्ष्णेय और अमन बंसल सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

जमीन विवाद में हुई हत्या के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता



फिरोजाबाद। थाना एका क्षेत्र के गांव सिंहपुर उडेसर में जमीन विवाद को लेकर हुई प्रदीप की हत्या के मामले में पुलिस ने दो और वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में गंगा सिंह पुत्र हुंडीलाल और निशांत पुत्र राजेश कुमार निवासी गांव सिंहपुर उडेसर शामिल हैं। पुलिस ने दोनों को शनिवार को जेड़ा पुल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 15 नवंबर को जमीन विवाद में गंगा सिंह समेत 12 लोगों ने प्रदीप पुत्र बज्र सिंह के साथ मारपीट की थी। गंभीर रूप से घायल प्रदीप की मौत हो गई थी। मामले में थाना एका पर 12 आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। इससे पहले इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इनमें देवेंद्र को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया था। वहीं रवेन्द्र और रोवी उर्फ कालू को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अब दो और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी है।

समाज को एकजुट करते हैं धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन : श्वेता चौधरी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



हाथरस। सराफा एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित दीपावली मिलनोत्सव एवं गिरिराज महाराज के छप्पन भोग और अन्नकूट प्रसादी कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती श्वेता चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दीपावली जैसे पर्व और धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और आपसी एकता को मजबूत करते हैं। ऐसे कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को जीवंत रखने के साथ विभिन्न वर्गों के लोगों को एक मंच पर लाने का काम करते हैं। पालिकाध्यक्ष ने सराफा एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारी वर्ग केवल व्यापारिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में भी अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाता है। समाज के प्रति यह सहभागिता आपसी संबंधों को मजबूत बनाने में सहायक है। उन्होंने सभी व्यापारियों को दीपावली एवं अन्नकूट महोत्सव की शुभकामनाएं भी दीं।रघुनंदन अपना वाली धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने श्वेता चौधरी का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुरसान ब्लॉक प्रमुख रामेश्वर उपाध्याय भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता रमनमूर्ति शर्मा ने की तथा संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. सत्यप्रकाश रंगीला एवं उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। आशुकवि अनिल बोहरे, व्यापारी नेता योगा पंडित, ने भी सहभागिता की।इस मौके पर अमरेश बंसल, अमित शर्मा, अमिताभ शर्मा, धीरेंद्र पाठक, जय वर्मा, विमलेश बंसल, किशनलाल वर्मा, विक्रम वर्मा, शैलेंद्र माथुर, संजीव वर्मा, चंद्रमोहन वर्मा, रजनीश शर्मा, विशाल सोनी, सुमित पोद्दार, दिलीप वर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, श्याम वर्मा, सदाशिव मराठा, प्रकाश मराठा, किरण मराठा एवं विजय मराठा सहित बड़ी संख्या में सराफा व्यापारी मौजूद रहे।

लिव-इन पार्टनर के साथ फ्लैट में रह रहे डिलीवरी बॉय की मौत, महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज; चार दिन पहले मनाया था जन्मदिन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



आगरा। सिकंदरा क्षेत्र की गणपति सिटी में एक फ्लैट में लिव-इन पार्टनर के साथ रह रहे डिलीवरी बॉय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुक्रवार को फ्लैट के कमरे में उसका शव फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की और मृतक की पहचान शुभम के रूप में की। वह ब्लिंकिट कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करता था। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजनों ने उसके साथ रह रही महिला पर हत्या का आरोप लगाया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने महिला के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, शुभम सिकंदरा क्षेत्र की गणपति सिटी में किराए का फ्लैट लेकर एक महिला के साथ रह रहा था। शुक्रवार को महिला ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो फ्लैट के कमरे में शुभम का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने महिला से पूछताछ की और मृतक के बारे में जानकारी जुटाई। बताया गया कि महिला शुभम के परिजनों के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे सकी। इसके बाद शुभम के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने उसके परिवार का पता लगाया। जांच में सामने आया कि शुभम की शादी हो चुकी थी और उसके दो बच्चे भी हैं। पत्नी और बच्चे नगला पदी में उसके पिता किशोरीलाल और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहते हैं। पुलिस ने थाना न्यू आगरा को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम नगला पदी स्थित शुभम के घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग गणपति सिटी स्थित फ्लैट पर पहुंच गए। वहां परिजनों ने महिला पर गंभीर आरोप लगाते हुए शुभम की मौत को संदिग्ध बताया और हत्या की आशंका जताई। परिजनों और पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि करीब पांच साल पहले शुभम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए नोएडा गया था। इसी दौरान उसकी मुलाकात अलीगढ़ निवासी महिला से हुई थी। बताया जा रहा है कि महिला का अपने पति से न्यायालय में विवाद चल रहा है। इसके बाद शुभम और महिला करीब चार साल से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। हालांकि, इस रिश्ते को लेकर परिवार के भीतर क्या परिस्थितियां थीं, इसकी भी जांच की जा रही है। इस घटनाक्रम में एक और जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि घटना से चार दिन पहले महिला का जन्मदिन था, जिसे फ्लैट में ही मनाया गया था। जन्मदिन के कुछ दिन बाद ही शुभम की मौत की खबर सामने आने से मामला और उलझ गया है। आखिर ऐसा क्या हुआ कि कुछ दिन पहले जन्मदिन की खुशियां मना रहे शुभम की जिंदगी का इस तरह अंत हो गया? पुलिस इस घटनाक्रम से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

ताजमहल जाने वाली सड़क पर आठ महीने से गड्ढों का कब्जा, विभागों की खींचतान में पिस रही जनता

मोर्निंग सिटी संवाददाता



आगरा। दुनिया भर में अपनी खूबसूरती के लिए पहचान रखने वाले ताजमहल तक पहुंचने वाले मार्ग की बदहाली शहर की छवि पर सवाल खड़े कर रही है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। पिछले आठ महीने से लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से अब तक स्थायी समाधान नहीं किया जा सका है। हालात यह हैं कि सड़क की मरम्मत कराने के बजाय विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क की खराब स्थिति को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है। करीब 15 दिन पहले भी सड़क की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन समय बीतने के बाद भी गड्ढे जस के तस बने हुए हैं। इससे रोजाना गुजरने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए ये गड्ढे खास तौर पर जोखिम भरे साबित हो सकते हैं। सड़क की बदहाली को लेकर जल संस्थान, पीडब्ल्यूडी और स्मार्ट सिटी के बीच जिम्मेदारी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। आरोप है कि एक विभाग दूसरे विभाग की जिम्मेदारी बताकर मामले से पल्ला झाड़ रहा है। इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। सवाल यह है कि जब सड़क की समस्या आठ महीने से बनी हुई है तो अब तक संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाकर मरम्मत क्यों नहीं कराई गई? ताजमहल देखने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक आगरा पहुंचते हैं। ऐसे में इस मार्ग की बदहाली शहर की पर्यटन छवि को भी प्रभावित कर सकती है। सड़क पर बने गड्ढों से कभी भी दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों को किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय तत्काल सड़क की मरम्मत करानी चाहिए। बताया जा रहा है कि सड़क की समस्या नगर आयुक्त के संज्ञान में भी लाई जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर जिम्मेदारी किस विभाग की है और सड़क को दुरुस्त कराने की पहल कौन करेगा? आठ महीने से परेशान जनता अब आश्वासन नहीं, सड़क की मरम्मत चाहती है। सवाल सीधा है-क्या जिम्मेदार विभाग किसी बड़े हादसे के बाद जागेंगे या समय रहते गड्ढे भरवाकर लोगों को राहत देंगे?

जूता उद्यमियों के साथ पुलिस ने की बैठक, कामगारों की सुरक्षा और श्रम कानूनों के पालन पर जोर

मोर्निंग सिटी संवाददाता



आगरा। व्यापारियों एवं उद्यमियों में सुरक्षा का भाव मजबूत करने और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में काम करने वाले श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने पहल की है। इसी क्रम में शनिवार को सहायक पुलिस आयुक्त, हरिपर्वत ने थाना सिकंदरा क्षेत्र में जूता उद्योग से जुड़े उद्यमियों और विभिन्न प्रतिष्ठानों के प्रबंधकों के साथ बैठक की।

बैठक में श्रम उपायुक्त, आगरा मंडल और सहायक निदेशक, कारखाना ने उद्यमियों एवं प्रबंधकों को श्रमिकों के हितों से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। कार्यस्थल पर सुरक्षा के इंतजाम, स्वास्थ्य संबंधी मानकों और श्रम कानूनों के अनुपालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने औद्योगिक प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया। पुलिस प्रशासन की ओर से कहा गया कि व्यापारियों और उद्यमियों को निर्भीक होकर कारोबार करने के लिए सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। साथ ही कामगारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सुरक्षित औद्योगिक वातावरण बनाने और व्यापारियों के साथ श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए वह प्रतिबद्ध है।

श्री राम वन गमन व केवट की अनन्य भक्ति - श्री रामकथा पटकियां

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कासगंज/सोरों। सोरों शूकर क्षेत्र के ग्राम पटकियां में आयोजित श्री रामकथा के सप्तम दिवस पर कथा वाचक चाकर जी महाराज ने राम वन गमन, केवट प्रसंग व दशरथ वियोग जैसे अत्यंत मार्मिक प्रसंगों का बहुत भावुक रूप से वर्णन किया। जिसे सुनकर सभी श्रोता भक्ति और करुणा के सरोवर में डूब गए। कथा का वर्णन करते हुए चाकर जी महाराज ने बताया कि पिता की आज्ञा का पालन करते हुए प्रभु श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ वन के लिए प्रस्थान करते हैं।

गंगा तट पर केवट द्वारा प्रभु के चरण पखारने और नाव पार लगाने के प्रसंग को सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे। इसके पश्चात पुत्र वियोग में तड़पते राजा दशरथ के प्राण त्यागने (दशरथ मरण) के प्रसंग को सुनकर उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। वहीं चाकर जी महाराज ने मत जाओ मत जाओ मेरे राम अयोध्या छोड़ के वन मत जाओ, विधना तेरे लेख किसी के समझ न आते है, कभी कभी भगवान को भी भक्तों से काम पड़े, रघुराई हे रघुराई पग धोकर नाव चढ़ाइयों भजन गाकर सभी को भक्ति में डुबो दिया।

वहीं व्यास मंच पर पहुंचकर ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र यादव , भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ अनीता उपाध्याय, महिता पाठशाला के प्रधानाचार्य पंडित हेमेन्द्र शास्त्री, रवींद्र महाराजा, बाबा अभिराज दास, मोहन बाबू तिवारी, मनोज उपाध्याय, राकेश उपाध्याय सहित अनेकों लोगों ने पगड़ी, माला, दुपट्टा पहनाकर व भगवान श्री राम का चित्र भेंट कर कथा व्यास पंडित राघव चाकर जी का अभिनन्दन किया। इस दौरान कथा में ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र यादव, धर्मयात्रा महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजीव बरबारिया, योगेश उपाध्याय, डॉ अनीता उपाध्याय भाजपा जिला अध्यक्ष (महिला मोर्चा), बागीश उपाध्याय, हेमेन्द्र शास्त्री, रवींद्र महाराजा, क्षेमेंद्र शास्त्री, राकेश उपाध्याय, पंडित शशिधर द्विवेदी, पंडित सत्यप्रकाश अबोध, उत्कर्ष उपाध्याय, मोहन तिवारी, मनोज उपाध्याय, गोपाल बरबारिया, गिरीश पाठक, बाबा अभिराज दास, सुमित दीक्षित, राजेंद्र उपाध्याय, अवधेश भारद्वाज, सत्येंद्र उपाध्याय, प्रदीप सक्सैना, प्राग्येश द्विवेदी, कुलदीप पंडित, प्रेमनारायण उपाध्याय , निक्की उपाध्याय, हार्दिक गौड, माधव, अरुण, सम्राट सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

परिवार परामर्श केंद्र 01 परिवार मतभेद भुलाकर एक साथ रहने को हुआ राजी



मोर्निंग सिटी संवाददाता

कासगंज। पुलिस अधीक्षक कासगंज ओपी सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज आलोक सिंह के पर्यवेक्षण में परिवार परामर्श केंद्र पुलिस टीम ने टूटने की कगार पर खड़े 01 परिवार की काउंसिलिंग कर दोनों पक्षों को समझाते हुए आपसी सहमति से पुनः एक साथ रहने के लिए सहमत किया गया है। जिसमें सीमा पुत्री महेंद्र पाल निवासी डोरई थाना कोतवाली कासगंज जनपद कासगंज और चरनसिंह पुत्र मुन्नीलाल निवासी ग्राम नगला करुआ थाना सिकंद्राराऊ जनपद हाथरस, आपसी मतभेद के कारण परिवार परामर्श केंद्र में उक्त मामले की पत्रावली प्रचलित थी। परिवार को परामर्श केंद्र में काउंसलिंग कर समझाया गया तो अपनी पिछली गलतियों को मानते हुए दोनों पक्ष एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए। आज की बैठक में परिवार परामर्श केन्द्र की महिला आरक्षी कल्पना शर्मा व काउंसलर प्रिया व शिखा अग्रवाल आदि मौजूद रहे, जिनके सार्थक प्रयासों से दोनों पक्ष आपसी सहमति से पुनः एक साथ रहने को राजी हुए हैं। परिवार परामर्श केन्द्र टीम के उक्त सराहनीय कार्य हेतु दोनों पक्षों द्वारा कासगंज पुलिस का आभार व्यक्त किया गया है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील पटियाली में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज। जिलाधिकारी प्रणय सिंह की अध्यक्षता में तहसील पटियाली के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर आम जनमानस की समस्याओं व शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापरक एवं निष्पक्ष निस्तारण ही शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी प्राप्त प्रार्थना पत्रों को शीघ्रता से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिससे पीड़ितों को पूर्ण संतुष्टि मिले। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी के समक्ष इस अवसर पर अधिक धनराशि के बिजली के बिल आने, विधवा व वृद्धावस्था पेंशन न मिलने, राशन कार्ड बनवाने, भूमि की पैमायश कराने, अवैध कब्जा हटवाने, राजस्व, भूमि विवाद, उत्पीड़न, आपसी विवाद आदि से सम्बंधित 47 प्रार्थना प्रत्र प्राप्त हुये। जिनमें से 18 प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी प्रार्थना पत्रों को गंभीरतापूर्वक सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त हुई शिकायतों व समस्याओं के प्रभावी व गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील पटियाली में मुख्य विकास अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य चिकित्सधिकारी, अधिशाषी अभियंता विद्युत एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी तथा एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, समस्त क्षेत्रीय खण्ड विकास अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिले की अन्य दोनों तहसीलों कासगंज एवं सहावर में अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं व शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा विभागीय अधिकारियों को यथाशीघ्र प्रार्थना पत्रों को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

भाजपा नगर मंडल ने चलाया मतदाता जोड़ो अभियान

मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज/सोरों। भाजपा सोरों नगर मंडल द्वारा नगर के सेक्टर ए, बी, सी पर मतदाता जोड़ो अभियान के अंतर्गत फॉर्म-6 भरकर नवीन मतदाता बनाने के लिए चंदन चैक में विशाल कैंप का आयोजन किया गया। कासगंज विधानसभा प्रभारी श्रीमान शैलेंद्र विक्रम पाल सिंह, विस्तारक प्रांशु द्विवेदी एवं मंडल अध्यक्ष आदित्य काकोरिया दुबे ने सेक्टर की एक बैठक सेक्टर संयोजक आशुतोष त्रिवेदी के आवास पर सभी बूथ अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। जिसमें नवीन मतदाता बनाने एवं बूथ जनसंपर्क कर सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में ह्लविधानसभा प्रभारी शैलेंद्र विक्रम पाल सिंह ने कहा किह्न - 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हर युवा का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए। यही सच्चा लोकतंत्र है। एक-एक बूथ पर जाकर, एक-एक घर पर जाकर नवीन मतदाताओं को जोड़ना ही हमारा लक्ष्य है। भाजपा का हर कार्यकर्ता बूथ को मजबूत करेगा, तभी 2027 में फिर से भाजपा की प्रचंड विजय होगी। ह्लमण्डल अध्यक्ष आदित्य काकोरिया दुबे ने बताया कि सोरों नगर मंडल के सभी सेक्टरों में 3 दिवसीय कैंप लगाकर फॉर्म-6 भरे जा रहे हैं। जो युवा पहली बार वोटर बन रहे हैं, उनको भाजपा की सदस्यता भी दिलाई जा रही है। डबल इंजन की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना हमारा संकल्प है। इस दौरान बृजेश उपाध्याय, मोहित दुबे, विजय गोस्वामी, गोविंद शर्मा,अरुण पुंढीर,जीत सिंह,कमल कांत,भरत तिवारी,अतुल गुप्ता,सिद्धार्थ चैधरी,आशीष दुबे ,मयंक भारद्वाज,रवि प्रजापत नैतिक शर्मा प्रदीप कश्यप कुणाल चतुर्वेदी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एआरटीओ और यातायात प्रभारी ने सघन चैकिंग अभियान



मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज। पुलिस अधीक्षक कासगंज ओपी सिंह के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज आलोक सिंह के पर्यवेक्षण में यातायात माह नवम्बर-2026 के अन्तर्गत जनपद में यातायात नियमों के पालन हेतु सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में प्रभारी यातायात लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में राजकोल्ड तिराहा एवं कस्बा सोरों में वाहन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वालों, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट, मोडिफाइड साइलेंसर, हूटर लगे वाहन चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग, अवयस्कों द्वारा वाहन चलाने, हाई सेक्यूरिटी नंबर प्लेट न होना, बिना फिटनेस वाहन चलाने आदि मामलों में एमवी एक्ट के तहत ह्लकुल 05 वाहन सीज व 218 वाहन चालकों के चालानह्ल किए गए, जिन पर ह्लऑनलाइन शमन शुल्क 03,84,000ह्न रुपयेह्ल अधिरोपित किया गया है। इसके साथ ही क्षेत्राधिकारी यातायात रजनीश कुमार उपाध्याय एवं एआरटीओ राम प्रकाश मिश्रा के साथ संयुक्त रुप से राजकोल्ड तिराहा पर समाजसेवी संभव जैन के सौजन्य से आमजन को हेलमेट वितरित किए गए व ट्रैक्टर ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए एवं अपील की गई कि सभी यातायात नियमों का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा स्टंटबाजी से बचें।

डीएम ने पटियाली क्षेत्र के विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज। जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने विधानसभा क्षेत्र पटियाली के विभिन्न मतदान बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एस0वी0आर0 इ0का0 पटियाली कक्ष संख्या-01 के भाग संख्या 285, 286, 287 एवं 288 तथा प्राथमिक पाठशाला अलीपुर दादर के भाग संख्या 175 का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बूथों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित कार्यों को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराने तथा निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली समझ सकेंगे नागरिक, जनपद में चार स्थानों पर स्थापित किए गए प्रदर्शन केंद्र

मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज। उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा) ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निदेर्शानुसार ई0वी0एम0 एवं वी0वी0 पैट के प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम हेतु जनपद मुख्यालय एवं प्रत्येक तहसील मुख्यालय स्तर पर ई0वी0एम0 प्रदर्शन केन्द्र (म्वे) की स्थापना दिनांक 20-11-2026 से प्रारम्भ होकर विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2027 की अधिसूचना जारी होने तक संचालित रहेगी। उन्होंने यह भी बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं जनसामान्य की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद में स्थापित 4 केंद्रों में से एक कलेक्ट्रेट परिसर और एक-एक जनपद की तीनो तहसीलों में ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों के माध्यम से आम नागरिकों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझने और इनसे जुड़ी शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता का विश्वास सर्वोपरि है। निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण के प्रति नागरिकों को जागरूक करना और उन्हें सही एवं प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकताओं में शामिल है। ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर की स्थापना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इन केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को ईवीएम मशीनों की कार्यप्रणाली को स्वयं देखकर समझने का अवसर मिलेगा, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति विश्वास और जागरूकता अधिक सुदृढ़ होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकटवर्ती कलेक्ट्रेट अथवा तहसील परिसर में स्थापित ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर पर पहुंचकर ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्य प्रणाली की जानकारी प्राप्त करें और उन लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

झोलाछाप चिकित्सक द्वारा गलत दवा देने से गर्भवती महिला का गर्भपात

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कासगंज। जनपद में कथित झोलाछाप चिकित्सकों के अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर कार्रवाई न होने के आरोप लगातार उठ रहे हैं। इसी क्रम में एक महिला ने कथित झोलाछाप चिकित्सक पर गलत दवा देने का आरोप लगाया है, जिसके चलते उसका गर्भपात हो गया। पीड़ित महिला रामवती उर्फ सीमा ने मामले की शिकायत मुख्य चिकित्साधिकारी से कर कार्रवाई की मांग की है।

8 सितंबर को उसने मुख्य चिकित्साधिकारी को शिकायती पत्र देकर पूरे मामले से अवगत कराया था। शिकायत में कथित चिकित्सक शिवदेश यादव पर गलत दवा देने और उसके कारण गर्भपात होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। महिला ने बताया कि शिकायत दिए जाने के बावजूद अभी तक संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। फर्जी चिकित्सक शिवदेश यादव कथित तौर पर बिना वैध चिकित्सकीय योग्यता के अपनी दुकान संचालित कर रहा है और खुलेआम मरीजों का उपचार कर रहा है। पीड़िता ने स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि मामले में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके चलते शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हो सकी है। पीड़ित महिला ने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित चिकित्सक की योग्यता एवं क्लीनिक के वैध दस्तावेजों की जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। अब देखना यह है कि शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और कथित अवैध चिकित्सा गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए क्या कदम उठाता है।

पटियाली तहसील में न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यों में देरी पर बार एसोसिएशन ने उठाए सवाल, डीएम को संबोधित सीडीओ को सौंपा नौ सूत्रीय मांगपत्र

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कासगंज/पटियाली। तहसील पटियाली में न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली में कथित लापरवाही, राजस्व कर्मचारियों की कार्यशैली और न्यायालयों में लंबित वादों के समय से निस्तारण न होने को लेकर पटियाली बार एसोसिएशन ने नाराजगी जताई है। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी को संबोधित सीडीओ को नौ सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर समस्याओं के समाधान पर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील में आने वाले वादकारियों, किसानों और आम नागरिकों को अपने सामान्य एवं न्यायिक कार्यों के लिए तहसील तथा विभिन्न न्यायालयों के बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार एसोसिएशन ने मांगपत्र में प्रमुख रूप से स्टाम्प टिकटों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित कराने, एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व न्यायालयों में लंबित पत्रावलियों पर समय से आदेश पारित कराने की मांग की है। इसके अलावा चकबंदी और संक्रमणीय भूमिधर संबंधी मामलों का शीघ्र निस्तारण, लेखपाल एवं कानूनगो द्वारा भूमि की पैमाइश समय से कराने तथा विरासत संबंधी प्रकरणों में जांच और रिपोर्ट निर्धारित समय में प्रस्तुत कराने की मांग उठाई गई है। ज्ञापन में बंटवारा वादों में कुर्रा समय से दाखिल नहीं करने, न्यायालयों में पुरानी पत्रावलियों के रखरखाव की खराब व्यवस्था तथा खतौनी में न्यायालय के आदेशों की समय से फीडिंग नहीं होने पर भी आपत्ति जताई गई है। बार एसोसिएशन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 126, 135 एवं 170 के मामलों में इलाहाबाद हाईकोर्ट के निदेर्शों का पालन नहीं किए जाने का मुद्दा भी उठाया है। इसके समर्थन में हाईकोर्ट के 8 जून 2026 के आदेश का हवाला देते हुए अनावश्यक जमानतदारों की मांग बंद कराने की मांग की गई है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनेलाल बघेल एवं महासचिव देश दीपक यादव ने जिलाधिकारी से सभी नौ बिंदुओं पर गंभीरता से संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान होने से वादकारियों, किसानों और आम नागरिकों को अनावश्यक भागदौड़ तथा आर्थिक एवं मानसिक परेशानी से राहत मिलेगी।

जिलाधिकारी प्रणय सिंह द्वारा कादरगंज ककोड़ा मेला का निरीक्षण एवं जायजा लिया गया



मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज। जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने कादरगंज घाट ककोड़ा मेला का किया निरीक्षण जिलाधिकारी ने अधीनस्थों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा स्नान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त स्टीमरों एवं गोताखोरों की व्यवस्था की जाये। माइकिंग व्यवस्था के साथ ही ध्यान दें कि बच्चों को पानी की ओर न ले जाया जाये। बेरीकेटिंग के द्वारा निशान और बल्ली आदि लगाकर श्रद्धालुओं को गहरे पानी की ओर न जाने दिया जाये। यह मेला उत्तर भारत का प्रसिद्ध एवं प्राचीनतम धार्मिक मेलाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक शिविर भी लगाए जाये। विभिन्न विभागों के सरकारी योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी देने के लिए स्टाल भी लगाये जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में दुकानें व्यवस्थित रूप से लगाई जायें। सुरक्षा की दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स में पुरूष एवं महिला आरक्षी तैनात मेले में तैनात रहेंगे। मेला की यातायात व्यवस्था, खोया पाया पुलिस सूचना केन्द्र, वाहनों की पार्किंग, पेयजल, अस्थायी शौचालय, प्रकाश, सुरक्षा एवं साफ सफाई तथा गंगा स्नान के लिये बेरीकेटिंग व्यवस्था के साथ ही महिला श्रद्धालुओं के लिये चेंजिंग व्यवस्था आदि पर विशेष ध्यान दिया जाये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी, अन्य सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र निरस्त होने के नाम पर आने वाले संदेशों और ओटीपी कॉल से रहें सतर्क

कासगंज। वरिष्ठ कोषाधिकारी, कासगंज ने जनपद के कोषागार से पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया है कि कुछ पेंशनरों के मोबाइल फोन पर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अस्वीकृत अथवा विफल होने संबंधी संदेश तथा मोबाइल नंबर पर संपर्क करने के नाम पर लिंक और ओटीपी के लिए फोन कॉल प्राप्त हो रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने स्पष्ट किया गया है कि कोषागार स्तर से किसी भी पेंशनर अथवा पारिवारिक पेंशनर को ओटीपी या लिंक के संबंध में कोई संदेश अथवा फोन कॉल नहीं किया जा रहा है। यदि किसी पेंशनर अथवा पारिवारिक पेंशनर को मोबाइल पर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अस्वीकृत अथवा विफल होने संबंधी संदेश प्राप्त होता है, तो वे किसी भी लिंक के माध्यम से प्रक्रिया करने के बजाय व्यक्तिगत रूप से कोषागार में उपस्थित होकर संबंधित पेंशन पोर्टल सहायक से संपर्क स्थापित करें, ताकि समस्या का उचित समाधान कराया जा सके।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत 22 नवम्बर को सभी मतदेय स्थलों पर चलेगा विशेष अभियान

मोर्निंग सिटी संवाददाता कासगंज। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत दिनांक 22 नवम्बर 2026 (रविवार) को जनपद के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि विशेष अभियान के दौरान प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक 100-कासगंज, 101-अमांपुर तथा 102-पटियाली विधानसभा क्षेत्रों के समस्त बीएलओ एवं पदाभिहित अधिकारी अपने-अपने मतदान स्थलों पर उपस्थित रहेंगे। इस दौरान छूटे हुए एवं प्रथम बार युवा मतदाताओं के फार्म-6 भरवाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सुपरवाइजर द्वारा मतदान स्थलों का भ्रमण किया जाएगा तथा मतदान केन्द्रों पर फार्म-6, 7 एवं 8 की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

तीन दिन से अनशन पर 11 सभासदों का आर-पार का ऐलान

भाजपा के दिग्गज भी कूदे मैदान में अब योगी दरबार तक पहुंचेगी पालिका की लड़ाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कासगंज/गंजडुंडवारा। नगर पालिका परिषद में कथित भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोपों को लेकर शुरू हुआ 11 सभासदों का सामूहिक अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। तीन दिन बीतने के बाद भी न सभासद पीछे हटने को तैयार हैं और न ही उनकी मांगों पर कोई ठोस सहमति बन सकी है। अब इस आंदोलन को भाजपा के दिग्गज नेताओं का समर्थन मिलने से मामला और गरमा गया है। शनिवार को पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पटियाली विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पूर्व विधायक और जिला पंचायत सदस्य अलग-अलग समय पर अनशन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने सभासदों की मांगों को जायज बताते हुए भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शासन स्तर से कराने की बात कही। भाजपा नेताओं ने कहा कि योगी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। यदि नगर पालिका में भ्रष्टाचार हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। स्थानीय स्तर पर जांच नहीं होती है तो मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखा जाएगा। भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नेताओं के समर्थन के बाद सभासदों के आंदोलन को राजनीतिक धार भी मिलती दिखाई देने लगी है। सभासदों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवालों की लंबी फेहरिस्त रखी है। करीब ढाई करोड़ रुपये के कुटेशन कार्यों में स्वीकृति, फर्मों, भुगतान और धरातल पर हुए कामों की जांच की मांग प्रमुख है। सभासदों का आरोप है कि मौजूदा कार्यकाल में कराए गए कार्यों की पारदर्शिता संदिग्ध है। उनका कहना है कि भुगतान के अभिलेखों का मौके पर हुए निर्माण कार्यों से मिलान कराया जाए, ताकि पता चल सके कि कागजों में कितना काम हुआ और जमीन पर कितना दिखाई दे रहा है। स्ट्रीट लाइट, तिरंगा लाइट, विद्युत पैनल और अन्य उपकरणों की खरीद को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। सभासदों ने खरीदी गई सामग्री की संख्या, कीमत, आपूर्तिकर्ता और वास्तविक स्थापना का भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में आउटसोर्सिंग के माध्यम से की गई नियुक्तियों को लेकर भी जांच की मांग है। सभासद जानना चाहते हैं कि कितने कर्मचारी वास्तव में काम कर रहे हैं और कितनों का भुगतान केवल कागजों में दर्ज है। उपस्थिति, तैनाती और भुगतान का मिलान कर फर्जी कर्मचारी मिलने पर कार्रवाई की मांग की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित अनियमितताओं, बोर्ड से स्वीकृत दरों के बजाय मनमाने ढंग से गृहकर और जलकर वसूली, पानी के टैंकर तथा एंबुलेंस के नाम पर कथित अवैध वसूली के आरोप भी मांगपत्र में शामिल हैं। अध्यक्ष के पुत्र अजहर हुसैन के सरकारी कामकाज में कथित हस्तक्षेप पर रोक लगाने की मांग की गई है। सफाई और संविदा कर्मचारियों के पीएफ की धनराशि समय से जमा कराने तथा वेतन वृद्धि का लाभ दिलाने की बात भी उठाई गई है। सभासदों ने एटा रोड, थाना रोड, नहर रोड और मोहनपुर रोड पर निर्माण कार्य कराने की मांग के साथ 14 अक्टूबर 2026 को दिए गए बोर्ड बैठक बुलाने के अनुरोध और 30 अक्टूबर को भेजे गए अनुस्मारक पर कार्रवाई न होने का मुद्दा भी उठाया। उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 104 के तहत समितियों का गठन कराने, वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में निर्माण, प्रकाश, सफाई, बिजली सहित अन्य विकास कार्यों पर हुए खर्च का ब्योरा सार्वजनिक करने तथा अधिनियम की धारा 63(1) और 63(2) के अनुपालन की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गई है। सभासदों का कहना है कि साढ़े तीन साल के कार्यकाल में महज 13 से 14 बोर्ड बैठकें ही हुई हैं।

तीसरे दिन भी वार्ता बेनतीजा, एडीएम से बात कराने का सुझाव भी नहीं आया काम

शनिवार को अनशन स्थल पर सभासदों की सेहत को लेकर भी चिंता बढ़ी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने पहुंचकर अनशनरत सभासदों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इससे पहले चार अनशनकारियों के बीपी समेत अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सामने आई थीं। तीसरे दिन महिला सभासदों के स्थान पर उनके प्रतिनिधि अनशन स्थल पर मौजूद रहे। इनमें वार्ड 18 से लुबना सैंन के प्रतिनिधि शाहिद पॉपुलर, वार्ड 21 से सीमा बेगम के प्रतिनिधि मोहम्मद इश्तियाक, वार्ड 07 से रूमी बेगम के प्रतिनिधि तारिक महमूद, वार्ड 05 से शहाना के प्रतिनिधि शहादत, वार्ड 04 से सलीमन के प्रतिनिधि मोहम्मद अलकमा और वार्ड 10 से रेखा गुप्ता के प्रतिनिधि रामकुमार शामिल रहे। इनके अलावा वार्ड 17 के कृष्ण कुमार सिंह, वार्ड 03 के अब्दुल रहमान उर्फ बंटी, वार्ड 16 के अनिल वर्मा, वार्ड 14 के आले इमरान और वार्ड 24 के मुदस्सिर अनशन पर डटे रहे। उधर, एसडीएम और प्रभारी अधिशासी अधिकारी मोहम्मद नासिर ने बताया कि सभासदों से बातचीत के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। गुरुवार और शुक्रवार को भी वार्ता की कोशिश की गई थी। शनिवार को भी कई दौर की बातचीत हुई। एडीएम महोदय के साथ बातचीत कराने और उनके पास जाकर अपनी बात रखने का सुझाव भी दिया गया, लेकिन कोई भी सभासद वहां जाने को राजी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रशासन उचित मांगों पर बातचीत के लिए तैयार है और लगातार अनशन समाप्त कराने का प्रयास कर रहा है। तीन दिन से जारी इस आंदोलन ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि सभासदों की मांगों पर जांच और कार्रवाई का भरोसा मिलता है या फिर पालिका परिसर में जारी यह धरना आने वाले दिनों में और बड़ा रूप लेता है।

भारत की विस्फोटक ओपनिंग जोड़ी बनेगी पाकिस्तान के लिए खतरा

दोहा, एजेंसी। भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मुकाबला हमेशा रोमांच से भरपूर रहता है। अब एक बार फिर दोनों देशों की टीमें 22 नवंबर को दोहा में आमने-सामने होंगी। एशिया कप राइजिंग स्टार्स के इस मुकाबले में भारत-ए और पाकिस्तान-ए (पाकिस्तान शाहीस) के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। हालांकि, टीम इंडिया अपनी मजबूत बल्लेबाजी और अंतरराष्ट्रीय अनुभव के दम पर मुकाबले में मजबूत दावेदार मानी जा रही है।भारत-ए के पास अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी जैसे आक्रामक सलामी बल्लेबाज हैं। दोनों शुरुआती ओवरों में तेजी से रन बनाने की क्षमता रखते हैं। दूसरी ओर, पाकिस्तान के मोहम्मद हसनैन, अहमद दानियाल और अली



एशिया कप राइजिंग स्टार्स.... भारत-ए बनाम पाकिस्तान-ए मुकाबला आज

रजा पर नई गेंद से विकेट निकालने की जिम्मेदारी होगी।कप्तान तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, आयुष बदोनी और कुमार कुशाग्र भारतीय मध्यक्रम को मजबूती देते हैं। तिलक और कुशाग्र नेपाल के खिलाफ शतक लगाकर अपनी फॉर्म साबित कर चुके हैं। वहीं, पाकिस्तान को अब्दुल समद, हसन नवाज और हैदर अली से बड़ी पारियों की उम्मीद होगी।दोहा की धीमी पिच पर स्पिन गेंदबाज अहम साबित हो सकते हैं। पाकिस्तान के सुफियान मुकिम और साद मसूद भारतीय बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। भारत के पास भी शाहबाज अहमद, तनुष कोटियन और विप्रज निगम जैसे विकल्प हैं।

तेज गेंदबाजी में कड़ा मुकाबला

भारत के हर्षित राणा और प्रिंस यादव शानदार फॉर्म में हैं। नेपाल के खिलाफ दोनों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। वहीं, पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी में हसनैन और अली रजा की भूमिका अहम होगी। भारत-पाकिस्तान मुकाबले में मानसिक मजबूती भी निर्णायक होगी। तिलक, रिंकू और अभिषेक जैसे खिलाड़ियों के पास बड़े मैचों का अनुभव है। हालांकि, पाकिस्तान शाहीस भी दोहा की परिस्थितियों से अच्छी तरह परिचित है।

भारत-ए जीत की प्रबल दावेदार

कुल मिलाकर बल्लेबाजी की गहराई, मजबूत मध्यक्रम और अनुभवी खिलाड़ियों के चलते भारत-ए का पलड़ा भारी नजर आता है। पाकिस्तान की जीत के लिए शुरुआती विकेट लेना और भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखना बेहद जरूरी होगा। अब देखना दिलचस्प होगा कि 22 नवंबर को दोहा में किस टीम का प्रदर्शन बेहतर रहता है।

मलयेशियाई जोड़ी ने दी शिकस्त

सात्विक और चिराग हॉन्गकॉन्ग ओपन के सेमीफाइनल में हारे

कोवलून। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी हॉन्गकॉन्ग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मलयेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी मान वेई चोंग और टी काई वुन से सीधे गेम में हार गई। इस साल सिंगापुर और चीन में खिताब जीतने वाली और विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी को 41 मिनट तक चले सेमीफाइनल में 18-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।



मैच में शुरू से ही दोनों जोड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और वे लगभग बराबरी के साथ आगे बढ़ते रहे। पहले गेम में स्कोर 4-4 से 7-7 हो गया। इसके बाद भी कड़ी टक्कर देखने को मिली और 10-10 के स्कोर पर मलयेशिया की टीम ने अंक बनाकर इंटरवल तक मामूली बढ़त हासिल की।

सात्विक और चिराग ने इसके बाद भी कड़ी चुनौती दी लेकिन मलेशिया की जोड़ी ने अपनी बढ़त बरकरार रखी तथा 18-19 के स्कोर के बाद दो गेम प्वाइंट हासिल किए और पहले पर ही गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। भारतीय जोड़ी ने एक समय 7-3 की बढ़त बना ली, लेकिन मलेशिया की जोड़ी ने लगातार छह अंक बनाकर मैच का रुख पलट दिया और स्कोर 9-7 कर दिया। वे इंटरवल तक दो अंकों की बढ़त बनाए रखने में कामयाब रहे।

मलयेशियाई टीम ने अपनी बढ़त को 14-9 कर दिया। सात्विक और चिराग ने इसके बाद अच्छी वापसी करके स्कोर 19-19 से बराबर कर दिया। इसके बाद मलयेशियाई खिलाड़ियों ने चिराग को निशाना बनाकर मैच पॉइंट हासिल किया और फिर मैच जीत लिया।

वेलिंगटन टेस्ट: न्यूजीलैंड के घर में भारतीय बल्लेबाजों ने दिखाया दम

वेलिंगटन, एजेंसी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। तीसरा दिन पूरी तरह भारतीय बल्लेबाजों के नाम रहा और कीवी गेंदबाजों को आज सिर्फ तीन ही सफलता मिली। भारत के लिए केएल राहुल ने शतकीय पारी खेली, जबकि कप्तान शुभमन गिल दो रन से शतक लगाने से चूक गए। दिन के खेल की समाप्ति तक भारत ने पहली पारी में चार विकेट पर 486 रन बनाए हैं और उसे 118 रन की बढ़त मिल चुकी है। स्टंप्स के समय ऋषभ पंत 55 और नाइट वॉचमैन के तौर पर उतरे अंशुल कंबोज खाता खोले बिना क्रीज पर मौजूद थे।

कप्तान शुभमन गिल दो रन से शतक लगाने से चूके

टॉप-5 ने बनाए 50+ रन, तीन शतकीय साझेदारी

गेंदबाजों पर बनाया दबाव

न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 368 रन बनाए थे। भारत ने अच्छी बल्लेबाजी की और तीसर दिन शनिवार को एक विकेट पर 159 रन से आगे खेलना शुरू किया और आज 325 रन बनाए। भारत को तीन झटके देवदत्त पडिक्कल, केएल राहुल और कप्तान शुभमन गिल के रूप में लगे। राहुल ने टेस्ट करियर का 13वां शतक लगाया। उन्होंने पडिक्कल के साथ 165 रन की साझेदारी निभाई। पडिक्कल ने भी दूसरा टेस्ट अर्धशतक लगाया। पडिक्कल 175 गेंद में 10 चौके की मदद से 80 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, राहुल ने 290 गेंद में नौ चौके और दो छक्के की मदद से 136 रन की पारी खेली। इसके अलावा कप्तान गिल स्टंप्स से ठीक पहले 98 रन बनाकर आउट हुए और 12वें शतक से दो रन से चूक गए। उन्हें जैकब डफी



ने क्लीन बोल्ड किया। गिल ने पंत के साथ 100 रन की साझेदारी निभाई। भारतीय पारी की खास बात यह रही कि शीर्ष पांच बल्लेबाजों ने 50+ स्कोर किए। पंत ने भी 55 गेंद में टेस्ट करियर का 22वां अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले शुक्रवार को यशस्वी जायसवाल 89 गेंद में 16 चौके की मदद से 85 रन बनाकर आउट हुए थे।

राहुल की ऐतिहासिक पारी

केएल राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार शतक लगाकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 203 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का 13वां शतक है। इसके साथ ही राहुल स्थह्व (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) के चारों देशों में टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय ओपनर बन गए। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के दूसरे ओपनर हैं। उनसे पहले पाकिस्तान के सईद अनवर ऐसा कर चुके हैं। राहुल ने इस शतक के साथ एक खास अंतरराष्ट्रीय सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है। एशियाई बल्लेबाजों में मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन तेंदुलकर, सईद अनवर, राहुल द्रविड़, यूनिस खान, कुमार संगकारा, विराट कोहली और केएल राहुल ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने चारों देशों में टेस्ट शतक लगाए हैं। हालांकि, इनमें सिर्फ सईद अनवर और केएल राहुल ही ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने बतौर ओपनर यह उपलब्धि हासिल की है। स्थह्व देशों में भारतीय ओपनरों के टेस्ट शतकों की सूची में सुनील गावस्कर शीर्ष पर हैं।



फुटबाल

इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन हुए चोटिल महीनों तक रहना पड़ सकता है बाहर

लंदन। इंग्लैंड की फुटबॉल टीम के कप्तान हैरी केन बायर्न म्यूनिख और कोलोन के बीच 1-1 से ड्रॉ रहे मैच के दौरान चोटिल हो गए जिसके कारण उन्हें 'अगले कुछ महीनों' तक खेल से बाहर रहना पड़ सकता है। उनके बाएं टखने में 'लिगामेंट' फट गया है और इस वैलोन डि ओर विजेता को पूरी तरह फिट होने में कुछ महीने का समय लगेगा।कोलोन के डिफेंडर जोएल श्मिड ने केन को पेनल्टी एरिया में गिरा दिया। केन दर्द से कराह उठे। उन्होंने हालांकि थोड़ी देर के लिए खेलना जारी रखा लेकिन जल्द ही मैदान पर उपचार लेने के बाद दो फिजियोथेरेपिस्ट के साथ मैदान से लंगड़ाते हुए बाहर चले गए। बायर्न यूनिख ने बयान में कहा, 'हैरी केन शुक्रवार को बायर्न म्यूनिख के बुंडेसलिगा में कोलोन के खिलाफ घरेलू मैच के दौरान चोटिल हो गए।



विवाद

पूर्व पति से जुड़ा मामला, मुक्केबाज मैरी कॉम को कोर्ट ने दिया नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज मैरी कॉम के खिलाफ आपराधिक मानहानि के मामले में औपचारिक संज्ञान लेने से पहले नोटिस जारी किया। यह मामला मैरी काम के पूर्व पति ने दायर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मैरी काम ने एक टेलीविजन इंटरव्यू के दौरान उनके बारे में झूठी और छवि खराब करने वाली टिप्पणियां की थीं। मैरी कॉम के पूर्व पति करोंग ओंखोल्लर ने छह अक्तूबर को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि मैरी काम ने उनके वैवाहिक संबंध खत्म होने के बाद इस साल 11 जनवरी को प्रसारित एक टेलीविजन कार्यक्रम में उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवम गुप्ता ने यह देखते हुए नोटिस जारी किया कि ओंखोलर की ओर से समन जारी करने से पहले पेश किए जाने वाले साक्ष्य की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।



दोषी

डोपिंग में फंसी भारतीय एथलीट किरण बालियान, 8 साल का बैन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय खेलों से डोपिंग का दाग छूटने का नाम नहीं ले रहा है और एक बार फिर मेडल विजेता खिलाड़ी ने अपनी हरकत से देश को शर्मिंदा किया है. एशियन गेम्स 2022 में विमेंस शॉट पुट की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट किरण बालियान को एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया गया है और इसके चलते 8 साल के लिए बैन कर दिया गया है. नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी ने किरण बालियान को 2 मामलों में दोषी पाते हुए 4-4 साल का बैन लगाया है, जो 2024 से शुरू माना जाएगा और 2032 तक बरकरार रहेगा.



नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी ने किरण बालियान को 2 मामलों में दोषी पाते हुए 4-4 साल का बैन लगाया है, जो 2024 से शुरू माना जाएगा और 2032 तक बरकरार रहेगा.

यादव अब चयनकर्ताओं की योजनाओं का हिस्सा नहीं

सूर्यकुमार की वापसी के रास्ते बंद!

मुश्ताक अली ट्रॉफी में कर रहे कप्तानी, प्रदर्शन रहा शानदार



बीसीसीआई के सूत्र के मुताबिक-फिलहाल उनके लिए जगह उपलब्ध नहीं है

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत को अपनी कप्तानी में टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने वाले सूर्यकुमार यादव राष्ट्रीय टीम में वापसी की जुगत में लगे हुए हैं। सूर्यकुमार की वापसी की राह हालांकि मुश्किल नजर आ रही है। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र के मुताबिक, सूर्यकुमार यादव अब चयनकर्ताओं की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद फिलहाल भारतीय टीम में उनके लिए जगह नहीं बन पा रही है।

सूर्यकुमार की वापसी पर आया अपडेट

बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, 'सूर्यकुमार फिलहाल हमारी चयन योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। हम तो अभी तक सफेद गेंद के क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी के लिए भी जगह नहीं बना पाए हैं।' सूत्र ने आगे कहा कि सूर्यकुमार यादव कड़ी मेहनत कर रहे हैं और लिस्ट ए क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन भी कर रहे हैं, लेकिन मौजूदा भारतीय टीम के संयोजन में उन्हें शामिल करना मुश्किल है। सूत्र ने कहा, हां, सूर्यकुमार कड़ी मेहनत कर रहे हैं और लिस्ट ए क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि, सवाल यह है कि मौजूदा भारतीय टीम में हम उन्हें कहां फिट कर सकते हैं। फिलहाल उनके लिए कोई जगह उपलब्ध नहीं है। हम सफेद गेंद के क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी को भी जगह नहीं दे पा रहे हैं, तो मौजूदा टीम में सूर्यकुमार को कहां फिट करेंगे? फिलहाल हम उन्हें टीम में शामिल करने पर विचार नहीं कर रहे हैं।

घरेलू क्रिकेट में दम दिखा रहे सूर्यकुमार

मालूम हो कि सूर्यकुमार यादव ने 2026 टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी की थी और टीम को लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, आईपीएल के बाद उन्हें टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया गया और उनकी जगह श्रेयस अय्यर को नया कप्तान नियुक्त किया गया। दूसरी ओर, सूर्यकुमार यादव इन दिनों सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026-27 में मुंबई की कप्तानी करते हुए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने 14 नवंबर को हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में महज 21 गेंदों पर नाबाद 60 रन की तूफानी पारी खेली थी। उनकी इस पारी में छह चौके और पांच छक्के शामिल थे।

29 गेंदों पर 82 रन बनाए, जिसमें नौ चौके और सात छक्के शामिल

इसके बाद गुजरात के खिलाफ भी सूर्यकुमार का बल्ला जमकर चला। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर 82 रन बनाए, जिसमें नौ चौके और सात छक्के शामिल थे। उनकी इस विस्फोटक पारी की मदद से मुंबई ने 199 रन का लक्ष्य महज 15.4 ओवर में पांच विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। वहीं, गोवा के खिलाफ तीसरे मुकाबले में भी सूर्यकुमार ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 12 गेंदें पर 25 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तीन छक्के लगाए। मुंबई ने यह मुकाबला 18 रन से अपने नाम किया। अच्छी पारियों के बावजूद सूत्र के बयान से साफ है कि फिलहाल भारतीय टीम में उनकी वापसी को लेकर चयनकर्ता विचार नहीं कर रहे हैं।

बेमिसाल रहा है सूर्यकुमार का टी-20 करियर

मैदान के चारों ओर शॉट खेलने की काबिलियत के कारण 'मिस्टर 360' के नाम से मशहूर सूर्यकुमार के आंकड़े बेहद शानदार हैं। उन्होंने भारत के लिए 113 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 36.35 की औसत और 162.98 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 3,272 रन बनाए हैं। इसमें 4 शतक और 25 अर्धशतक शामिल हैं। साल 2022 में वे दुनिया के नंबर-1 टी-20 बल्लेबाज बने थे और 2022 व 2023 में लगातार दो बार टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर भी चुने गए थे। अब देखना यह होगा कि घरेलू क्रिकेट में इस दमदार प्रदर्शन के बाद सिलेक्टर्स अपने फैसले पर दोबारा विचार करते हैं या नहीं।


घरेलू क्रिकेट में जमकर बोल रहा है सूर्या का बल्ला

टीम इंडिया से बाहर होने के बावजूद सूर्यकुमार ने हार नहीं मानी है और वे घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बना रहे हैं। उनकी बल्लेबाजी का पुराना अंदाज देखने को मिल रहा है:

हैदराबाद के खिलाफ: 14 नवंबर को उन्होंने महज 15 गेंदों में फिफ्टी जड़ी और 21 गेंदों पर नाबाद 60 रन (6 चौके, 5 छक्के) बनाकर मुंबई को 7 विकेट से जीत दिलाई।

गुजरात के खिलाफ: सूर्या ने 29 गेंदों में 82 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 7 छक्के शामिल थे। इस पारी की बदौलत मुंबई ने 199 रनों का बड़ा लक्ष्य 15.4 ओवर में हासिल कर लिया।

गोवा के खिलाफ: उन्होंने सिर्फ 12 गेंदों में 3 छक्कों की मदद से 25 रन ठोके और टीम को 18 रनों से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।



दो साल बाद वापसी होने जा रही है बे की

सीरीज कॉल मी बे में बेला बे चौधरी के किरदार से बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने दर्शकों का दिल जीत लिया। करण जौहर द्वारा समर्थित इस सीरीज में अनन्या की कॉमिक टाइमिंग और एक अमीर परिवार की लड़की के किरदार में उनकी एक्टिंग दर्शकों को खूब पसंद आई। वह मुंबई में अकेले अपनी जिंदगी संभालती नजर आती हैं। अब पहले सीजन के दो साल बाद बे की वापसी होने जा रही है। प्राइम वीडियो ने आखिरकार आने वाले सीजन की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। उम्मीद है कि नया सीजन उनकी उलझी हुई लव लाइफ और पत्रकारिता के चुनौतीपूर्ण करियर से आगे की कहानी दिखाएगा। हाल ही में प्राइम वीडियो ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें अनन्या बे के किरदार में एक स्टाइलिश आउटफिट पहने ऑटो-रिक्शा की छत पर लेटी हुई नजर आ रही हैं। क्लिप में वह कहती हैं, मैं बे हूं, मैं छा जाने के लिए आई हूं। खाओ, प्यार करो, प्रार्थना करो और आज के दिन का पूरा मजा लो। कैप्शन से पता चला कि नया सीजन 17 दिसंबर को रिलीज होगा। आने वाले सीजन में बे की लव लाइफ और भी उलझने वाली है, जिससे उसके दिल और उसके बहन कोड दोनों की परीक्षा होगी। कॉलिन डीकुन्हा द्वारा निर्देशित कॉल मी बे सीजन 2 को करण जौहर, अदार पूनावाला और अपूर्व मेहता ने धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। सोमेन मिश्रा और कॉलिन डीकुन्हा इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं।

इशिता मोइत्रा द्वारा बनाई गई इस सीरीज को इशिता मोइत्रा, समीना मोटलेकर, रोहित नायर और नितल चंदरना ने लिखा है। नए सीजन में पुरानी कास्ट की वापसी होगी, जिसमें अनन्या पांडे मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। कॉल मी बे के दूसरे सीजन में श्रुति हासन की एंट्री होने वाली है। इसके अलावा, वीर दास, गुरफतेह पीरजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी, निहारिका लायरा दत्त, लिसा मिश्रा और मिनी माथुर भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। दूसरे सीजन के बारे में बात करते हुए, प्रोड्यूसर करण जौहर ने कहा, सीजन 1 को मिले प्यार और रिस्पॉन्स ने यह साबित कर दिया कि दर्शक बे के उतार-चढ़ाव भरे सफर और जिंदगी को लेकर उसके बेबाक नजिरिए से गहराई से जुड़ गए थे। सीजन 2 के जरिए हम उस दुनिया को और आगे ले जाना चाहते हैं। इसमें हम बे के नए पहलुओं को दिखाएंगे, साथ ही उस मजाक, जज्बात और बेबाक अंदाज को भी बनाए रखेंगे, जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। हम प्राइम वीडियो के साथ फिर से जुड़कर दर्शकों के सामने बे की जिंदगी का एक नया पड़ाव लाने के लिए उत्साहित हैं।

इसमें बे और उसकी प्यारी सहेलियां एक ऐसे नए सफर पर निकलेंगी, जो हंसी-मजाक, भावनाओं और ढेर सारी उथल-पुथल से भरा होगा। यह सीरीज बेला बे चौधरी की कहानी है, जो दक्षिण दिल्ली की एक अमीर सोशलिट हैं। उनका आलीशान जीवन तब अचानक बदल जाता है, जब उनका परिवार उन्हें बेदखल कर देता है। इसके बाद उन्हें मुंबई में अपनी जिंदगी नए सिरे से शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। अनन्या पांडे को उनकी कॉमिक टाइमिंग और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी के लिए काफी तारीफ मिली। कई दर्शकों को यह शो मनोरंजक, हल्का-फुल्का और एक बार में पूरा देख लेने लायक लगा। वीर दास को भी एक टीवी न्यूज एंकर के रूप में उनके अभिनय के लिए काफी सराहा गया।



अपने अनोखे फैशन अंदाज को लेकर सोनम कपूर फिर चर्चा में

1936 की कलाकृति को अनामिका खन्ना ने दिया नया रूप

अभिनेत्री सोनम कपूर एक बार फिर अपने अनोखे फैशन अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। मुंबई में 17 नवंबर को आयोजित अर्थशॉट प्राइज 2026 के ग्रीन कार्पेट पर उन्होंने भारतीय कला और विरासत का खूबसूरत संगम पेश किया। सोनम ने इस खास मौके पर ऐसी पोशाक पहनी, जिसका कनेक्शन करीब 90 साल पुरानी एक पेंटिंग से है। उनकी साड़ी मशहूर भारतीय चित्रकार अमृता शेरगिल की साल 1936 में बनाई गई एक कलाकृति से प्रेरित थी। डिजाइनर अनामिका खन्ना ने इस ऐतिहासिक कलाकृति को आधुनिक फैशन का रूप दिया, जबकि सोनम की बहन रिया कपूर ने उनके पूरे लुक को स्टाइल किया। सोनम कपूर ने इस कार्यक्रम में गहरे हरे रंग की खूबसूरत साड़ी पहनी थी। इसके साथ उन्होंने लंबे झुमके और पश्चिमी अंदाज का खास कोट कैरी किया। उनका यह लुक भारतीय परंपरा और आधुनिक फैशन का अनूठा मेल नजर आया। इस पोशाक के पीछे की कहानी भी बेहद दिलचस्प है। दरअसल, अमृता शेरगिल ने साल 1936 में अपने चचेरे भाई सुमेर अपजीत सिंह का एक चित्र बनाया था। इसी पेंटिंग से प्रेरणा लेकर अनामिका खन्ना ने सोनम के लिए यह विशेष पोशाक तैयार की। रिया कपूर ने सोशल मीडिया पर इस लुक की जानकारी साझा करते हुए बताया कि अमृता शेरगिल आधी भारतीय और आधी हंगेरियन थीं। उन्होंने पेरिस में कला की शिक्षा और प्रशिक्षण हासिल किया था। हालांकि, बाद में भारत उनके जीवन और कला की प्रेरणा का प्रमुख केंद्र बन गया। अमृता की तरह उनके चचेरे भाई सुमेर अपजीत सिंह का जीवन भी दो अलग-अलग संस्कृतियों के बीच बीता था। उनका पालन-पोषण पटियाला में हुआ था और उन्हें पश्चिमी पहनावे का भी शौक था। बाद में उन्होंने पेरिस में प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर एल्सा शियापारेली के लिए मॉडलिंग भी की थी। अमृता शेरगिल ने अपने चित्र में सुमेर को गहरे हरे रंग की साड़ी पहने दिखाया था। उनके हाथ में सफेद फूलों का एक गुच्छा भी नजर आता है। इसी ऐतिहासिक चित्र की रंगत और शैली को ध्यान में रखते हुए अनामिका खन्ना ने सोनम का लुक तैयार किया। इस विशेष पोशाक में शुद्ध शिफॉन की साड़ी का इस्तेमाल किया गया है। साड़ी पर हरे रंग के अलग-अलग शेड्स हाथ से पेंट किए गए हैं। इसके साथ सिल्क वेलवेट का पश्चिमी शैली वाला कोट दिया गया है, जिसके किनारों पर बारीक जरदोजी का काम किया गया है। इस तरह भारतीय पारंपरिक पहनावे और पश्चिमी फैशन को एक साथ जोड़ा गया है। लगभग नौ दशक पुरानी पेंटिंग की प्रेरणा को आधुनिक अंदाज में पेश करना इस लुक की सबसे खास बात रही। सोनम कपूर अर्थशॉट प्राइज 2026 समारोह में प्रस्तुतकर्ता और अतिथि के रूप में शामिल हुई थीं। इस कार्यक्रम में ब्रिटेन के प्रिंस विलियम और राजकुमारी कैट मिडलटन भी मौजूद थे। 17 नवंबर को मुंबई में आयोजित यह समारोह पहली बार भारत में हुआ।

प्रियंका ने याद किया अभिषेक संग शरारत

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने एक साक्षात्कार के दौरान अपने सह-कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ की गई एक पुरानी और मजेदार शरारत को याद किया है। प्रियंका ने बताया कि एक बार उन्होंने अभिषेक का फोन छुपा दिया था और उससे अभिनेत्री रानी मुखर्जी को एक मैसेज भेजा।



गौरतलब है कि अभिषेक और रानी के अपने-अपने जीवनसाथी से शादी करने से पहले उनके बीच प्रेम संबंध होने की खबरें थीं। प्रियंका ने कहा कि अभिषेक ने ही सबसे पहले उनका फोन चुराकर इस शरारत की शुरुआत की थी, और उन्होंने इसे अभिषेक पर पलटवार करने का एक मौका समझा। प्रियंका ने अपने मैसेज में लिखा था, मुझे तुम्हारी याद आ रही है, तुम कहां थीं? क्या तुमज रानी मुखर्जी ने इसका जवाब देते हुए लिखा, हाय एबी, क्या हुआ है तुम्हें? बाद में यह बात सामने आई कि प्रियंका को इस घटना के बारे में जिसने बताया था, वह संभवत: अभिषेक ही थे।


ग्रीस में छुट्टियां मना रहे सैफरीना

बॉलीवुड की पसंदीदा जोड़ियों में से एक, करीना कपूर खान और सैफ अली खान इन दिनों ग्रीस में अपने परिवार के साथ छुट्टियों का लुत्फ उठा रहे हैं। हाल ही में अभिनेता सैफ अली खान ने अपनी इंस्टाग्राम कहानियों पर इस फैमिली ट्रिप की कुछ मनमोहक झलकियां प्रशंसकों के साथ साझा कीं। इन तस्वीरों में कपल सूर्यास्त के खूबसूरत नजारे के सामने रोमांटिक अंदाज में पोज देते हुए एकदम परफेक्ट नजर आ रहा है। एक तस्वीर में सैफ अली खान एक साइनबोर्ड के सामने खड़े दिख रहे हैं, जिस पर सनसेट लिखा है। उन्होंने इसके साथ लिखा, अगर कोई शक हो तो। करीना के साथ अपनी फोटो पोस्ट करते हुए सैफ ने मजाकिया कैप्शन में लिखा, सनसेट तो मुख्य आकर्षण होना चाहिए था, लेकिन कोई मेरा ध्यान भटका रहा है। दूसरी तस्वीर में सैफ, पत्नी करीना और छोटे बेटे जेह के साथ एक प्यारी-सी सेल्फी ले रहे हैं।

बॉक्स ऑफिस पर सीन ने की शानदार कमाई



बाक्स ऑफिस पर रामायण के बीच सीन ने भी शानदार कमाई कर रही है। दूसरे शनिवार को फिल्म ने शानदार कलेक्शन किया। यह फिल्म सूर्या के करियर की सेकंड हाइएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, फिल्म ने दूसरे शनिवार को 11.21 करोड़ का कलेक्शन किया। वहीं ओवरसीज मार्केट में फिल्म ने 5 करोड़ का बिजनेस किया। फिल्म ने नौवें दिन टोटल 16.21 करोड़ का बिजनेस किया। वहीं आठवें दिन फिल्म ने 10.58 करोड़ का कलेक्शन किया था। दूसरे शनिवार को फिल्म की कमाई में 53.21 परसेंट की ग्रोथ दिखी। फिल्म ने इंडिया में नेट 126.8 करोड़ का कलेक्शन किया। वहीं फिल्म ने 149.63 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। ओवरसीज मार्केट में फिल्म ने 78.7 करोड़ की बिजनेस किया। वर्ल्डवाइड फिल्म ने 228.33 करोड़ का बिजनेस किया। इसी के साथ सीन सूर्या के करियर की दूसरी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। इस फिल्म ने विश्वनाथ एंड सन्स ने 212.23 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं सीन ने 228.33 करोड़ कमा लिए हैं। अब सीन से आगे करुप्पु है। सूर्या के करियर की टॉप 10 हाइएस्ट ग्रॉसर फिल्मों की बात करें तो इस लिस्ट में करुप्पु नंबर वन पर है। फिल्म ने 315 करोड़ कमाए। दूसरे नंबर पर सीन है। फिल्म ने 9 दिनों में 228.33 करोड़ कमाए। विश्वनाथ एंड सन्स ने तीसरे नंबर पर जगह बनाई है। इस फिल्म ने 212.23 करोड़ का बिजनेस किया। चौथे नबंर पर सिंघम 2 है। इस फिल्म ने 108.9 करोड़ कमाए। पांचवें नंबर 24 है। इस फिल्म ने 108.9 करोड़ का बिजनेस किया। छठें नंबर पर कंगुवा है। फिल्म ने 107.03 करोड़ का बिजनेस किया। सातवें नंबर पर 7 अमअरिवु है। फिल्म ने 105.2 करोड़ की कमाई की। आठवें नंबर पर सिंघम 3 है। इस फिल्म ने 104.6 करोड़ कमाए। नौवें नंबर पर रेट्रो है। इस फिल्म ने 9.48 करोड़ की कमाई की।



नवाजुद्दीन के साथ काम करने के अनुभव को बुरे सपने जैसा बताया दीया मिर्जा ने

अभिनेत्री दीया मिर्जा की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने मनोरंजन जगत में नई चर्चा छेड़ दी है। उन्होंने अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ काम करने के अनुभव को बुरे सपने जैसा बताया है। दीया की इस टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर दोनों कलाकारों को लेकर बहस शुरू हो गई है। जहां कुछ लोग अभिनेत्री के समर्थन में अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं, वहीं कई यूजर्स उनकी पोस्ट को किसी नए प्रोजेक्ट का प्रचार और प्रचार रणनीति बता रहे हैं। दीया मिर्जा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक नोट साझा किया। इसमें उन्होंने नवाजुद्दीन सिद्दीकी के व्यवहार पर नाराजगी जाहिर की। अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट में अभिनेता को टैग करते हुए लिखा कि उनके साथ काम करना एक बुरे सपने जैसा अनुभव रहा। उन्होंने अभिनेता के बातचीत करने के तरीके और व्यवहार पर सवाल उठाते हुए उन्हें बेहद आपत्तिजनक व्यक्ति बताया। अभिनेत्री की इस टिप्पणी ने सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींच लिया।

हालांकि, दीया मिर्जा ने अपनी पोस्ट में यह स्पष्ट नहीं किया कि उन्हें नवाजुद्दीन सिद्दीकी के किस व्यवहार से परेशानी हुई और यह अनुभव किस फिल्म या परियोजना से जुड़ा है। उन्होंने इस विवाद के पीछे की पूरी वजह भी साझा नहीं की है। दूसरी ओर, खबर लिखे जाने तक नवाजुद्दीन सिद्दीकी की ओर से भी इस टिप्पणी पर कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। पोस्ट सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दीं। कुछ लोगों ने अभिनेत्री की बात को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले का संदर्भ जानने की इच्छा जताई। वहीं, कई यूजर्स ने इसे किसी आने वाली फिल्म, विज्ञापन या नए प्रोजेक्ट से जोड़कर देखा। उनका मानना है कि मनोरंजन जगत में कई बार कलाकारों की सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए किसी परियोजना का प्रचार किया जाता है। ऐसे में दीया की इस टिप्पणी को लेकर भी कुछ लोगों ने संदेह जताया।



एक यूजर ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह भी प्रचार रणनीति का हिस्सा हो सकता है, क्योंकि आजकल सोशल मीडिया पर इस तरह की गतिविधियां आम हो गई हैं। एक अन्य यूजर ने दोनों कलाकारों के सोशल मीडिया फॉलोअर्स की संख्या की तुलना करते हुए प्रतिक्रिया दी। वहीं, एक यूजर ने कहा कि अब दर्शक प्रचार और वास्तविक विवाद के बीच अंतर समझने लगे हैं। कुछ यूजर्स ने यह भी कहा कि अगर कलाकार लगातार विवादों के जरिए अपने प्रोजेक्ट का प्रचार करेंगे, तो भविष्य में लोग उनकी वास्तविक समस्याओं और गंभीर शिकायतों को भी प्रचार समझकर नजरअंदाज कर सकते हैं। एक अन्य टिप्पणी में दीया की अभिनय क्षमता पर भी निशाना साधा गया। फिलहाल इस पूरे मामले में दीया मिर्जा की ओर से कोई विस्तृत स्पष्टीकरण नहीं आया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी की प्रतिक्रिया का भी इंतजार है। दोनों कलाकारों के बीच विवाद की वास्तविक वजह सामने आने के बाद ही तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

जैकी श्रॉफ ने संघर्ष के दिनों में उधार लिए पांच रुपये लौटाए, अर्चना पूरन सिंह को दिए 500 रुपये

बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ अपने बेबाक अंदाज और दरियादिली के लिए जाने जाते हैं। उनके संघर्ष के दिनों से जुड़ा एक पुराना किस्सा एक बार फिर चर्चा में आ गया है। इस कहानी में अभिनेत्री अर्चना पूरन सिंह भी शामिल हैं। दरअसल, जैकी श्रॉफ ने कई साल पहले अर्चना से पांच रुपये उधार लिए थे। अब उन्होंने यह रकम दस गुना नहीं, बल्कि सौ गुना करके लौटाई है। अभिनेता ने पांच रुपये के बदले अर्चना को 500 रुपये दिए। इस घटना से जुड़ा एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर फिर से चर्चा में है। यह किस्सा कपिल शर्मा के कॉमेडी शो के एक पुराने एपिसोड से जुड़ा है। उस कार्यक्रम में अर्चना पूरन सिंह ने जैकी श्रॉफ के संघर्ष के दिनों की कहानी सुनाई थी। उन्होंने बताया था कि जब दोनों अपने करियर में जगह बनाने की कोशिश कर रहे थे, तब वे नेपियन सी रोड पर आसपास रहते थे। जैकी उस समय तीन बत्ती इलाके में रहते थे। अर्चना ने बताया कि जैकी का स्वभाव हमेशा से मददगार रहा है और वह जरूरतमंद लोगों की परेशानी देखकर उनकी सहायता करने के लिए आगे आ जाते थे।

अर्चना के मुताबिक, जब जैकी के सामने कोई जरूरतमंद व्यक्ति आ जाता और अपनी परेशानी बताता, तो अभिनेता तुरंत उसकी मदद करना चाहते थे। ऐसे में वह कई बार उनसे एक रुपया मांग लेते थे। अर्चना ने बताया कि उन्हें उस समय समझ नहीं आता था कि जैकी उनसे पैसे क्यों मांग रहे हैं, लेकिन वह उन्हें एक रुपया दे देती थीं। इसके बाद जैकी उस जरूरतमंद व्यक्ति को पैसे दे देते थे और बदले में उसे दुआएं मिलती थीं। अर्चना ने बताया कि उस समय दोनों ही संघर्ष कर रहे थे। उनके पास भी ज्यादा पैसे नहीं होते थे, लेकिन जैकी का दिल बहुत बड़ा था। वह अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा जरूरतमंदों की मदद में खर्च कर देते थे। इसी वजह से कई बार उनके पास खुद के खर्च के लिए पैसे कम पड़ जाते थे। जब जैकी श्रॉफ ने यह पुराना वीडियो देखा, तो उन्होंने अर्चना को पांच रुपये के बदले 500 रुपये लौटाए। अभिनेता ने मजाकिया अंदाज में कहा कि पांच रुपये के बदले 500 रुपये। इस पर अर्चना ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह कपिल के शो में उनकी पहली कमाई है।

जैकी ने इस दौरान अपनी पुरानी आदत के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि जब उन्हें शूटिंग के बाद पैसे मिलते थे, तो रास्ते में मिलने वाले जरूरतमंद लोगों की मदद करने में वह रकम खर्च हो जाती थी। कभी किसी का घर जल गया होता, तो कभी किसी के परिवार में शादी होती या किसी के घर बच्चे का जन्म होने वाला होता। ऐसे मौकों पर वह अपनी क्षमता के अनुसार मदद करते थे। अभिनेता ने बताया कि कई बार प्रोडक्शन से जुड़े लोगों को भी पता होता था कि उस दिन उन्हें भुगतान मिलने वाला है। लेकिन घर पहुंचने तक वह पैसे लोगों की मदद में खर्च कर चुके होते थे। ऐसी स्थिति में उन्हें अर्चना से पैसे उधार लेने पड़ते थे। यह पुराना किस्सा एक बार फिर जैकी श्रॉफ की दरियादिली और अर्चना के साथ उनके पुराने रिश्ते को सामने लाता है।



स्वामी- सुशील कुमार सिंह, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), एन 30, ऑफसेट रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा, गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश से छपवाकर हाउस नं. 52 ग्रीनवुड-2 सेक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949) (समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नही है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की सकती है। ई-मेल-noida.morningcity@gmail.com।